आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 336 ● कटनी ● मंगलवार, 10 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष 4 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

छात्राओं को पोर्न दिखाने वाले शिक्षक को सजा

गुना, यशभारत। गुना में छात्राओं से अश्लील हरकत करने और उन्हें पोर्न दिखाने के आरोपी शिक्षक को कोर्ट ने 6 साल की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर एक लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। यह एक लाख रुपए पीड़ित छात्राओं को दिए जाएंगे। इस मामले में 5 में से 4 छात्राएं कोर्ट में अपने बयानों से पलट गई थीं। केवल एक छात्रा अपने बयान पर अडिग रही।उसी के बयान के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी माना।

गजब है! एयरपोर्ट पर बस में इंतजार करते रहे 54 यात्री और बिना लिए बेंगलुरु से उड़ गई फ्लाइट

बेंगलुरु,एजेंसी। इन दिनों एयरलाइंस किसी न किसी घटना को लेकर चर्चा में हैं। फ्लाइट्स में मारपीट से लेकर पेशाबकांड तक की खूब चर्चा हुई है। अब सोमवार को एक अजीब घटना सामने आई। गो फर्स्ट की एक फ्लाइट 54 यात्रियों को लिए बिना ही बेंगलुरु से उड़ गई। यात्रियों को दिल्ली जाना था। सभी चेक इन कर चुके थे। सुरक्षा की जांच हो चुकी थी और चार बसों में सवार होकर टरमैक में इंतजार कर रहे थे जो उन्हें पार्क किए गए विमान तक ले जाने वाली थी। एयरलाइन ने चार घंटे बाद फंसे यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया।और वे बस में बैठकर इंतजार ही करते रहे। अब इस घटना पर विमानन नियामक डीजीसीए ने रिपोर्ट मांगी है और कहा है कि उचित कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी बैंक 20 जनवरी से बंद कर देगें ये मुफ्त सुविधाएं?

वीडियो 4 साल पुराना है

नई दिल्ली, एजेंसी। सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से लगातार ये मैसेज खूब चल रहा है कि नए साल में बैंकों ने हर छोटी-मोटी सुविधा और सेवा के लिए अब शुल्क वसूलने का फैसला किया है। इस संबंध में एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एंकर द्वारा दावा किया जा रहा है कि, 20 जनवरी से सरकारी बैंकों में सारी मुफ्त में मिलने वाली सेवाएं खत्म हो जाएंगी।वायरल हो रहे वीडियो में एंकर इंटरनेट बैंकिंग के अलावा दूसरी सेवाओं में लगाए गए अतिरिक्त शुल्क के बारे में जानकारी देती हुई नजर आ रही है। वीडियो शेयर कर की यूजर्स ने दावा किया है कि ये नियम 20 जनवरी से लागू हो जाएंगे। वीडियो में बताया जा रहा है कि, हर सेवा के लिए फीस सीधे ग्राहकों के एकाउंट से ही काट ली जाएगी और इसके ऊपर जीएसटी भी लगेगा।वीडियो में बताया जा रहा है कि, ये अतरिक्त शुल्क चेक और इंटरनेट बैंकिंग और अन्य सेवाओं पर भी लगाया जाएगा। क्लिप को बहुत व्यापक रूप से शेयर किया गया है और दावा किया जा रहा है कि ये नियम 20 जनवरी से लागू हो जाएंगे। वायरल हो रही इस वीडियो की वन इंडिया की फैक्ट चेक टीम में जांच की है। जांच के दौरान हमें मालूम चला किया ये पुराना वीडिया है और गलत दावों से वायरल किया जा रहा है। रिवर्स इमेज सर्च करने पर हमें एक पोस्ट मिली जिसमें यह वीडियो था। यह वीडियो 20 दिसंबर 2018 को एक फेसबुक पेज पर अपलोड किया गया था। हमें The Message नाम के एक चैनल पर पर भी ये यूट्यूब वीडियो मिला। यह वीडियो 7 जनवरी 2018 को यूट्यूब पर अपलोड किया गया था।

NRI सम्मेलन का समापन आज : राष्ट्रपति मुर्मू पहुंची इंदौर

फिर विश्व गुरु बनेंगे पर सैन्य शक्ति से नहीं: प्रधान

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बोले- फिर विश्व गुरु बनेंगे पर सैन्य शक्ति से नहीं

इंदौर,यशभारत। 17वें प्रवासी भारतीय दिवस के तहत इंदौर में चल रहे तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय सम्मेलन का आज समापन हो रहा है जिसमें शामिल होने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इंदौर पहुंची। वे दोपहर के सत्र में कार्यक्रम में शामिल होंगी और विदाई भाषण के साथ ही मेहमानों को प्रवासी भारतीय अवॉर्ड प्रदान करेंगी। यह पुरस्कार विदेश में भारत के बारे में बेहतर समन्वय बनाने, भारत की उपलब्धियों का समर्थन करने और भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए काम करने वाले प्रवासी भारतीय और उनके संगठन और संस्था को दिए जाते हैं।समापन समारोह से पहले राष्ट्रपति मुर्मू, सूरीनाम गणराज्य के राष्ट्रपति चन्द्रिका प्रसाद संतोखी और गुयाना गणराज्य के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली से भेंट करेंगी। इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा भोज का आयोजन किया गया है। इंदौर आने पर राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अगवानी की। इंदौर आगमन पर विमानजल पर राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अगवानी की।अंतिम सत्र में विदेश मंत्री एस जयशंकर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया संबोधित करेंगे। इसके बाद राष्ट्रपति प्रवासी भारतीयों को अवार्ड देने के साथ ही प्रवासियों को संबोधित करेंगी। आभार प्रदर्शन विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन करेंगे। आज सम्मेलन के पहले सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्किल डेवलपमेंट और इंटरप्रिन्योरमंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा की चौथी सदी में ही उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने ग्रहों की गणना कर दी थी। वाराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त, भास्कराचार्य जैसे विद्वानों ने ग्लोबल मैप की परिकल्पना कर ली थी। ये हम सब मानते हैं, भारत विश्वगुरु था। हम अब जब भी विश्वगुरु बनने की बात करते हैं तो हमारी बातों में सैन्य ताकत से विश्व गुरु बनने की बात कहीं नहीं होती। इसमें इंटलेक्चुअल ताकत की बात करते हैं। इस सोच से नवाचार आता है। आप सब अनुभव करते होंगे कि दुनिया के कुछ हिस्सों में कुछ उत्पादकों के उत्पाद अप टू मार्क नहीं होते। ऐसे में इस 21वीं सदी में हमारा रोल महत्वपूर्ण हो जाता है। प्रधानमंत्री ने नई एजुकेशन पॉलिसी लागू की है। इससे भारत ग्लोबल मैनपॉवर बनाने वाला देश बनेगा।

प्रवासी भारतीयों ने मुख्यमंत्री शिवराज के साथ लगाए पौधे

प्रवासी भारतीय सम्मेलन में शिरकत करने आए विदेशी मेहमानों ने शहर के ग्लोबल गार्डन में पौधारोपण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रवासी भारतीयों के साथ पौधे लगाए। इस दौरान शहर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी मौजूद थे। प्रवासी भारतीयों ने यहां पौधे लगाने के साथ ही देश और इंदौर की जमकर सराहना की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने रुद्राक्ष का पौधा लगाया।

रोटरी क्लबों द्वारा कानूनी सहायता सेवाएं, संगोष्ठी का उद्घाटन

नई दिल्ली,यशभारत। एनसीआर के रोटरी क्लबों द्वारा आयोजित कानूनी सहायता सेवाएं, संगोष्ठी का उद्घाटन राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा और जस्टिस संजय किशन कौल (सुप्रीम कोर्ट) ने किया।

राहुल गांधी बोले- मैंने राहुल को मार दिया

कहा- हिन्दू धर्म को पढ़ो, शिव जी को पढ़ो बात समझ आ जाएगी

नई दिल्ली,ईएमएस। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्होंने राहुल गांधी को मार दिया है, वो गया अब वो है ही नहीं। मुझे अपनी छवि को लेकर बिल्कुल चिंता नहीं है। आपको मेरी अच्छी या बुरी जैसी इमेज रखनी है रख दो। साथ ही राहुल ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को लेकर उनका जिक्र नहीं होना चाहिए। दरअसल, रविवार को हरियाणा में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। एक पत्रकार ने उनसे पूछा कि यह यात्रा राहुल गांधी की इमेज बदलने में कितनी कामयाब रही है, चर्चा यह भी है कि राहुल की इमेज काफी बदली है।जवाब में राहुल ने कहा- राहुल गांधी आपके दिमाग में है मैंने मार दिया उसे। वह है ही नहीं, मेरे माइंड में है ही नहीं वो.. गया वो। जिस व्यक्ति को आप देख रहे हो वो राहुल गांधी नहीं है। वो आपको दिख रहा है, बात नहीं समझे, हिन्दू धर्म को पढ़ो थोड़ा, शिव जी को पढ़ो समझ आ जाएगी बात। इसके बाद राहुल ने पत्रकार से कहा कि आप इतने हैरान क्यों दिख रहे हैं।

जोशीमठ में गिराए जाएंगे 2 लग्जरी होटल

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड के जोशीमठ में मंगलवार को 2 होटल गिराए जाएंगे। यहां मकानों में दरारें आने के बाद एक्सपर्ट टीम ने यह फैसला लिया है। लग्जरी होटल मलारी इन और होटल माउंट व्यू में से पहले मलारी इन को गिराया जाएगा। दोनों 5-6 मंजिला होटल हैं। टीमें बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंच गई हैं। इन्हें गिराने का काम सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट की निगरानी में होगा। SDRF की टीम भी मौके पर मौजूद है। इस मामले पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सुप्रीम कोर्ट ने अर्जेंट हियरिंग की अपील की थी। अदालत ने इनकार कर दिया है। सुनवाई 16 जनवरी को होगी। दो होटल मलारी इन और होटल माउंट व्यू गिराए जाएंगे। स्थानीय के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा ने कहा कि टीम ने आज होटल मालारी इन गिराने का फैसला किया है। सबसे पहले ऊपरी हिस्सा गिराया जाएगा। दोनों होटल एक-दूसरे के काफी करीब आ चुके हैं। इनके आसपास मकान हैं इसलिए इन्हें गिराना जरूरी है। होटल और ज्यादा धंसे तो गिर जाएंगे। SDRF तैनात कर दी गई है। लाउडस्पीकर से लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने को कहा जा रहा है।

सीए फाइनल का रिजल्ट घोषित

इंदौर की शिखा को आल इंडिया दूसरी रैंक

इंदौर, यशभारत। सीए फाइनल का रिजल्ट मंगलवार सुबह घोषित कर दिया गया। इंदौर से आल इंडिया दूसरी रैंक। पहली दूसरी रैंक में सिर्फ एक अंक का अंतर। इंदौर की शिखा जैन ने आल इंडिया रैंकिंग में संयुक्त तौर पर दूसरा नंबर हासिल किया है। वहीं दिल्ली के हर्ष चौधरी पहले नंबर पर रहे। हर्ष चौधरी ने कुल 800 में से कुल 618 अंक हासिल किए। वहीं इंदौर की शिखा ने 617 अंक हासिल किए। मेंगलुरू की रामयाश्री ने भी 800 में से कुल 617 अंक हासिल कर आल इंडिया स्तर पर संयुक्त दूसरा स्थान हासिल किया। नई दिल्ली मानसी अग्रवाल कुल 613 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।नंवबर में हुए सीए फाइनल ईयर की परीक्षा के ग्रुप वन में कुल 65291 परीक्षार्थी बैठे थे। इनमें से 13969 विद्यार्थी पास हुए। वहीं ग्रुप दो में कुल 64775 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था।

नर्मदापुरम में खड़े ट्रक में घुसी बस, 1 यात्री की मौत, 30 से ज्यादा घायल

नर्मदापुरम ,यशभारत। उज्जैन से बालाघाट जा रही बस नर्मदापुरम में रोड पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस का लेफ्ट साइड का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पिपरिया अस्पताल में एक घायल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना शोभापुर गांव के पास सुबह 6.15 बजे हुई। शोभापुर, सोहागपुर, पिपरिया से एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोहागपुर एसडीओपी मदन मोहन समर, टीआई प्रवीण कुमार चौहान, चोकी प्रभारी वर्षा धाकड़ भी मौके पर पहुंचे।

ओडिशा के पुरी में ग्वालियर के तीर्थयात्रियों की बस में लगी आग

पुरी ,ईएमएस। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से ओडिशा स्थित जगन्नाथ पुरी दर्शन करने गए श्रद्धालुओं की बस में आग लग गई। ग्वालियर से श्रद्धालु बस में सवार होकर चार धाम यात्रा के लिए निकले थे। गनीमत रही कि हादसे के वक्त बस में कोई नहीं था। जानकारी लगने के बाद भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा मौके पर पहुंचे और उन्होंने पर्यटकों से बातचीत की। संबित ने घटना का वीडियो भी ट्विटर पर शेयर किया है। जानकारी के अनुसार घटना पुरी जिले सखीगोपाल मंदिर के पास की बताई जा रही है।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना अरुणोदय पंचांग

सर्दी से बचने के लिए कमरे में जलाई थीं चूरू और बीकानेर की घटनाएं

अंगीठी के धुएं में दम घुटने से 5 की मौत

चूरू,एजेंसी। राजस्थान में सिगड़ी (अंगीठी) के धुएं से दम घुटने की दो घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। चूरू जिले के रतनगढ़ में सर्दी से बचने के लिए कमरे में सिगड़ी जलाकर सोए परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। 3 महीने के मासूम की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं बीकानेर में ऐसी ही घटना में पति-पत्नी की मौत हो गई। रतनगढ़ एसडीएम सुभाष बिजारणिया ने बताया कि रविवार रात को गौरीसर गांव निवासी अमरचंद प्रजापत की पत्नी सोना देवी (58), बहू गायत्री देवी (36) पति राजकुमार, पोती तेजस्विनी (3) और 3 महीने का पोता खुशीलाल एक कमरे में सो रहे थे।रात में सर्दी से बचने के लिए सास-बहू ने कमरे में सिगड़ी जला रखी थी। सोमवार सुबह करीब 8 बजे तक उनके कमरे का गेट नहीं खुला तो अमरचंद ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई आवाज नहीं आई। अमरचंद ने खिड़की तोड़कर देखा तो सभी लोग चारपाई पर

सोते नजर आए। कोई हलचल नहीं थी। 3 महीने का पोता खुशीलाल रो रहा था।सुबह कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो दादा अमरचंद ने आवाज लगाई, लेकिन कोई हलचल नहीं होने पर खिड़की तोड़कर अंदर गया तो देखा कि पत्नी, बहू और पोती मृत पड़े थे। दादा ने 3 महीने के पोते खुशीलाल को बाहर निकाला। पड़ोसी बच्चे को अस्पताल ले गए। बच्चे

की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसको चूरू के डीबी अस्पताल रेफर कर दिया। यहां बच्चे को वेंटिलेटर पर रखा गया है। शुरुआती जांच में सामने आया कि रात को सिगड़ी से निकले धुएं से कमरे में कार्बन मोनो ऑक्साइड गैस बढ़ गई। इसी गैस के कारण दम घुट गया और सास-बहू और पोती की मौत हो गई।

दादा के पास सोने से बचा 6 साल का पोता

परिवार के लोगों ने बताया कि दादा अमरचंद और 6 साल का पोता कमल अलग कमरे में सो रहे थे। दादा के पास सोने से कमल की जान बच गई। अमरचंद का बेटा राजकुमार गुजरात में कंस्ट्रक्शन का ठेकेदार है। वह करीब एक हफ्ते पहले ही गांव आकर गया था। अमरचंद के दो बेटे हैं, जिनमें राजकुमार ब?ा और केदारमल छोटा है।

बीकानेर में पति-पत्नी की मौत

बीकानेर के बीछवाल थाना क्षेत्र में भी दम घुटने से पति-पत्नी की मौत हो गई। दोनों कूच बिहार के रहने वाले थे। यहां करणी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। बताया जा रहा है कि अनिल (40) और पूर्णिमा (36) रात को कमरे में सिगड़ी जलाकर सो गए थे।

गहोई दिवस पर निकलेगी शोभायात्रा व वाहन रैली

कटनी, यशभारत। गहोई वैश्य समुदाय के इष्टदेव भगवान सूर्य के दक्षिणायण से उत्तरायण होने पर भारत के विभिन्न अंचलों में गहोई समाज द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर मनाया जाने वाला पर्व ÷गहोई दिवस÷ आगामी 22 जनवरी को पूरी भव्यता एवं गौरवशाली परंपरा के अनुरूप मनाया जाएगा। श्री गहोई वैश्य समाज द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस महोत्सव की शुरूवात 21 जनवरी दिन शनिवार को विशाल वाहन रैली द्वारा होगी जो दोपहर 3.00 बजे आजाद चौक स्थित श्री गोसाई बाबू मंदिर से प्रारंभ होकर गल्ला मंडी के पास गहोई कालोनी स्थित मंदिर में जाकर उसका समापन होगा। एवं 22 जनवरी दिन रविवार को प्रातः 8.30 बजे चांडक चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर से भगवान भुवन भास्कर की विशाल शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो आजाद चौक, शेर चौक, झंडा बाजार, जवाहर चौक, कपड़ा बाजार, गर्ग चौराहा, घंटाघर से होते हुए श्री गहोई वैश्य पंचायती सत्संग भवन में पूजा-अर्चना महाआरती के साथ संपन्न होगी । इसके उपरांत गहोई धर्मशाला में सभी स्वजातीय बंधुओं का प्रसादी आनंद भोज संपन्न होगा । प्रसार-प्रचार समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महोत्सव को गरिमामयी बनाने के लिये इसका सयोजक पंच श्री रवि कस्तवार जी को बनाया गया है एवं उनके द्वारा अलग अलग समितियाँ बनाकर दायित्व सौंपे गए हैं। शोभायात्रा में भव्य विविध विशेष झांकिया आर्कषण का केन्द्र रहेगी । समाज की सभी सामाजिक संस्था समस्त गहोई समाज से अपील करती है कि वाहन रैली व गहोई दिवस पर पूर्ण रूप से सहभागिता कर समाज के इस विशिष्ट ख्याति प्राप्त आयोजन को सफल बनायें ।

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंग विस्तार से सुनाए

कटनी। खम्हरिया नं.1 बाबा हरीदास महाराज के बंगले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास मुरारीदास महाराज श्रीवृन्दावन धाम ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंग विस्तार से सुनाए। कथा में गोवर्धन पर्वत की कृत्रिम आकृति झांकी के माध्यम से दर्शाई गई। भगवान कृष्ण को 56 भोग लगाए गए। इस अवसर ग्राम जमुनिया के सरपंच श्रीमती इंद्रा राजू राय, खम्हरिया सरपंच धनीराम यादव, पूर्व सरपंच उदयभान यादव, गजराज यादव, विशाली यादव, नारायण विश्वकर्मा, हेतराम विश्वकर्मा, मिलाप सिंह, रघु पटेल, रामदास यादव, सतीश यादव, उदयभान, निर्भय यादव, राजेश यादव, उदल, लखन, शरद यादव आदि के साथ रीठी क्षेत्र के हजारों श्रोताओं ने कथा श्रवण की।

बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा तैयार कर रही रणनीति

जिला भाजपा कार्यालय में बड़वारा के मंडलों की बैठक, आकांक्षी विधानसभा के प्रभारी ने दी अहम जानकारियां

कटनी, यशभारत। कटनी जिले की चार में से तीन सीट पर भाजपा काबिज है लेकिन बड़वारा विधानसभा में वह हार का स्वाद ले चुकी है पर इस बार भाजपा ने इस विधानसभा को आकांक्षी विधानसभा का रूप देकर इसे हासिल करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर भाजपा ने कल एक बड़ी बैठक आयोजित की जिसमें इस विधानसभा के लिए प्रदेश से नियुक्त प्रभारी बिजुरी के पूर्व विधायक दिलीप जायसवाल ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए। श्री जायसवाल ने कहा कि भाजपा ने जिन विधानसभा में पिछले चुनाव में विजय नहीं मिली थी उन विधानसभा को आकांक्षी श्रेणी में रखा है। कटनी जिले में बड़वारा विधानसभा इसमें शामिल है। विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मंडल बड़वारा, ढीमरखेड़ा, सिलोड़ी, देवरीहटाई मण्डलों के समस्त जिम्मेदार पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की का परिचय भी लिया गया। उन्होंने कहा कि बड़वारा में इस बार कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से जीत सुनिश्चित है। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक सोनी

टण्डन ने कहा कि हमारे प्रत्येक कार्यकर्ता में जो जुनून और जज्बा दिख रहा है वह इस बार बड़वारा में विजयश्री की प्राप्त अवश्य करेगा। इससे पूर्व भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के बाद बैठक प्रारम्भ हुई। इस बैठक में बड़वारा के पूर्व विधायक मोती कश्यप की विशेष उपस्थिति थी। मंचासीन अतिथिगण जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय, जिला मंत्री विजय दुबे, धीरेंद्र सिंह, मंडल प्रभारी प्रकाश सिंघानिया, अम्बरीश वर्मा, ललित जायसवाल, मयंक गुप्ता, मंडल अध्यक्षगण ब्रजेंद्र सिंह, प्रशांत राय, गोविंद सिंह, नितिन पांडेय का स्वागत न्यू कटनी मण्डल के अध्यक्ष मनीष दुबे के द्वारा किया गया। संचालन मृदुल द्विवेदी ने किया।

धूमधाम से मना केसरवानी वैश्य समाज का नववर्ष मिलन समारोह, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

कटनी, यशभारत। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नववर्ष के उपलक्ष में केसरवानी वैश्य समाज कटनी के द्वारा कटाय घाट स्थित सुरम्य पार्क में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। केसरवानी वैश्य समाज के निवर्तमान अध्यक्ष विपिन केसरवानी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि विगत 30 वर्षों से केसरवानी वैश्य समाज कटनी के द्वारा नववर्ष के उपलक्ष में सभी सजातीय बंधुओं को एक दूसरे से परिचित कराने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के रूप में उपस्थित केसरवानी तरुण सभा के प्रदेश अध्यक्ष विशेष केसरवानी, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक टंडन व समाजसेवी तनु शशांक श्रीवास्तव द्वारा महर्षि कश्यप के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर पूजन कर किया गया। इसके पश्चात समाज के पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर केसरवानी वैश्य समाज को गौरवान्वित करने वाली नगर निगम कटनी की नेता प्रतिपक्ष रागिनी मानों गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों के द्वारा अपने उद्बोधन में केसरवानी वैश्य समाज के द्वारा किए जा रहे प्रयासों व आयोजन की प्रशंसा की गई और केसरवानी समाज के संगठित प्रयास को सराहनीय बताया और समाज के हर कार्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात बच्चों के द्वारा आन्या गुप्ता और माही गुप्ता के द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। समाज के अनेकों होनहार बाल कलाकारों के द्वारा गीत- संगीत,कविता, नृत्य, भजन की शानदार प्रस्तुति की गई जिसके लिए बच्चो को सम्मानित भी किया गया। मिलन समारोह के उत्साह में सभी बच्चे, पुरुष, बुजुर्ग और महिलाओं के द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया गया। नववर्ष के मिलन समारोह के उपलक्ष्य में कुर्सी दौड़ और हौजी जैसे खेलों का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी बच्चे,बुजुर्गों और महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। नव वर्ष मिलन समारोह के उपलक्ष में सर्वसम्मति से केसरवानी वैश्य समाज, केसरवानी तरुण समाज और केसरवानी महिला समाज के नए पदाधिकारियों का मनोनयन भी किया गया। केसरवानी वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष के रूप में नवीन केसरवानी, महामंत्री आशीष केसरवानी और कोषाध्यक्ष अतुल केसरवानी को चुना गया। केसरवानी तरुण सभा के अध्यक्ष के रूप में आशुतोष केशरवानी, महामंत्री हिमांशु केसरवानी व कोषाध्यक्ष रोहित केसरवानी को चुना गया। महिला केशरवानी समाज में जिलाध्यक्ष के रूप में निर्मला केसरवानी, महामंत्री नीलम केसरवानी और कोषाध्यक्ष सुनीता केसरवानी को चुना गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज के संरक्षक पुरुषोत्तम गुप्ता, भोलानाथ केसरवानी, विपिन केसरवानी, विशेष केसरवानी के द्वारा नई जिम्मेदारी के लिए फूलमाला से स्वागत कर शुभकामनाएं दी गई।

जल संरक्षण,संवर्धन एवं पर्यावरण प्रदूषण से बचाव को लेकर निकली जन जागरूकता रैली

कटनी, यशभारत। कमान अधिकारी चतुर्थ मध्य प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी कटनी के निर्देशन में शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी के प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के कैडेट्स द्वारा युवा दिवस मनाने की श्रंखला में पुनीत सागर अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन एवं पर्यावरण प्रदूषण से बचाव विषय पर शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी से सुभाष चौक सुभाष चौक से शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी तक रैली का आयोजन किया गया। सुभाष चौक चौराहे पर इसी विषय से संबंधित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कर जनसाधारण को पर्यावरण सुरक्षा एवं जल संरक्षण से संबंधित जानकारी एवं इनके संरक्षण हेतु उचित प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की एनसीसी केयरटेकर केयर टेकर नेहा चौधरी द्वारा किया गया इनके द्वारा छात्राओं को पर्यावरण सुरक्षा हेतु सुरक्षा नियमों एवं कोविड-19 से बचाव हेतु आवश्यक सुरक्षा नियम के पालन के लिए प्रेरित किया गया वह इस कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन किया गया।

कटनी स्टेशन पर तैलिक साहू सभा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

कटनी,यशभारत। मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के राजनीतिक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित राजनीतिक चेतना सम्मेलन में शामिल होने जाते समय कटनी स्टेशन पर मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू एवं प्रदेश अतिरिक्त महासचिव हितेश साहू का जिला साहू समाज कटनी द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर साहू समाज के जिला अध्यक्ष राजकुमार साहू, मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु साहू, नगर निगम के रिटायर्ड डिप्टी कमिश्नर विष्णु साहू, शिवकुमार साहू, अध्यक्ष राजकुमार साहू, जिलाध्यक्ष शिवकुमार साहू, जिला सचिव साक्षी गोपाल, पूर्व पार्षद प्रदीप साहू, युवा अध्यक्ष विमल साहू, गुड्डू साहू तहसील अध्यक्ष, रोहित साहू, शेर चौक, आयुष साहू, संदीप साहू, एवं बसंत साहू, कोषाध्यक्ष इत्यादि सभी सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही।

आम सूचना का खण्डन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 09/12/2022 को मेरी तरफ से विज्ञप्ति प्रकाशित हुई थी, जिसमें मेरे द्वारा अमित कुमार संगतानी आत्मज कन्हैयालाल संगतानी निवासी भवन क्रमांक 166, द्वारका सिटी तहसील व जिला कटनी से अमित कुमार संगतानी से उसके स्वामित्व का मकान (भवन क्रमांक 166) जो खसरा नं. 196/6 के अंश भाग 1000 वर्गफुट पर निर्मित है का सौदा किया गया था, जो कि हम दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से सौदा निरस्त कर आपस का लेन-देन कर लिया है। अब आज दिनांक को हम दोनों पक्षों का कोई भी लेन-देन शेष नहीं है और न ही कोई विवाद है। अतः सर्वसाधारण को सूचना हेतु प्रकाशित है।

अंकित अग्रवाल
आत्मज श्री राजेश कुमार अग्रवाल
गुरुनानक वार्ड, कटनी (म.प्र.)

50 वर्ष पूर्ण कर चुके 52 दंपत्ति हुए सम्मानित

चाणक्य ब्राह्मण महासभा द्वारा किया गया नववर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन

कटनी,यशभारत। चाणक्य ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में वैवाहिक दाम्पत्य जीवन के गौरवशाली स्वर्णिम पचास वर्ष 50 पूर्ण कर चुके विप्र दम्पति सम्मान समारोह का आयोजन भगवान परसुराम मंदिर प्रांगण में किया गया। कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री पं महेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कटनी में विप्र कल्याण सेवा में लगे पं रमाकांत पप्पू दीक्षित ने अभा कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के सहयोग से समाज के 52 विप्र युगल दम्पतियों को एकत्रित कर सम्मानित किया जो बेहद प्रशंसनीय है। राष्ट्रीय मंत्री धमेन्द्र मिश्रा ने कहा कि आज जहां पाश्चात्य संस्कृति में अंधे अनेक भाई अपने बुजुर्गों को भार समझ अनदेखा करते हैं तथा बुजुर्ग भी एकांत वास में अपना समय व्यतीत करते रहते हैं वहां रमाकांत दीक्षित तथा उनके समस्त विप्रबंधुओं ने 52 बुजुर्ग दंपत्तियों को सम्मानित कर समाज में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। निःसंदेह चाणक्य ब्राह्मण महासभा कटनी ने अभिनंदनीय कार्य किया है। जिसके लिये अभा कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा कानपुर तथा चाणक्य ब्राह्मण महासभा कटनी बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में अभा कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री पं महेश मिश्रा कानपुर, राष्ट्रीय मंत्री धर्मेंद्र मिश्र देवास, कमल तिवारी, अजय शुक्ला, सुनील मिश्रा, जबलपुर से रमेश अग्निहोत्री, श्रीमती शशी अग्निहोत्री, राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला, सतना से रेवा शंकर

शुक्ला, बीके मिश्रा, राजेश पांडे, पीयूष त्रिवेद्री, शिवशंकर दीक्षित, रायपुर से राजेश अग्निहोत्री, श्याम तिवारी, सिंगरौली से कपिल शुक्ला, अनिल शुक्ला, छतरपुर से राकेश दीक्षित, मउगंज से ज्ञानेंद्र मिश्रा, सीधी से अरुण द्विवेदी, कैमोर से ज्ञान दत्त दीक्षित, ग्वालियर से सूर्य कांत शर्मा सहित अन्य सदस्यों के साथ उपस्थित होकर कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने तथा कार्यक्रम की सफलता में महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम में कटनी के पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन, प्रथम महापौर विजेंद्र मिश्रा राजा भैया, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मिथलेश जैन, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष रौनक खंडेलवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, सुनील उपाध्याय, संजीव सूरी, ज्योति दीक्षित, विनय दीक्षित, जिला पंचायत सदस्य सोनू पप्पू मिश्रा, रीठी जनपद अध्यक्ष अर्पित अनुरोध अवस्थी, कल्चुरी समाज के अध्यक्ष देवेंद्र राय, कायस्थ समाज के अध्यक्ष योगेश बबलू खरे, लाइट टेंट एशोसिएशन से राजिल राजू रजक आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की सफलता के लिए उपस्थित जनों ने पं रमाकांत दीक्षित तथा समस्त विप्रबंधुओं एवं सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, मातृशक्ति प्रकोष्ठ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार चौथा सप्ताह

रोजाना 4 शो ता. 23 से
सुबह 11-2डी, 2.30-3डी, 6-3डी एवं रात्रि 9.30-2डी बजे से

अवतार
3D (हिन्दी में)

टिकट रेट
3डी- 100/-, 150/-,250/-
2डी - 100/-, 150/-,250/-

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 4 शो ता. 23 से
दोपहर 1.15, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से



सर्कस
कलाकार- रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडिस, वरूण शर्मा आदि।

टिकट रेट
300/-
220/-
150/-

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

तापमान में ठहराव, दिन में हल्की राहत, रात में कहर

कटनी, यशभारत। पूरे प्रदेश के साथ कटनी में भी सर्दी का सितम जारी है। एक सप्ताह से पड़ रही हाड़ कंपा देने वाली ठंड से जीवन अस्त-व्यस्त हो गई है। अत्यधिक ठंड के कारण कक्षा पांचवीं की छुट्टियां चल रही हैं, बच्चों को तो स्कूल जाने से राहत है, लेकिन ठंड की आफत बरकरार है। एक दोणिका की वजह से लोगों को दिन दिन से हल्की राहत है। टफ लाइन दक्षिण-पूर्व मध्यप्रदेश से गुजर रही है। यह समुद्रतल से 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर दक्षिण पूर्व मध्यप्रदेश उत्तर-मध्य महाराष्ट्रा तक जा रही है, जिसके कारण तापमान में ठहराव आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार दिन का तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जबकि यह सामान्य तौर पर 24.5 होना चाहिए था। सामान्य से दो 3.1 डिग्री तापमान कम है, जिसके कारण ठंड अधिक है। न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री होना चाहिए था, यह भी 6.2 डिग्री है, 2.9 डिग्री तापमान नीचे है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पूर्व हवा चल रही है। हवा की गति 7.1 किलोमीटर प्रतिघंटा की दर से चल रही है। जिसके कारण दिन का तापमान और गिरेगा। दो डिग्री तक और तापमान गिरने की संभावना है। हवा की गति धीमी होने के कारण कोहरे का प्रकोप जारी रहेगा। एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्यप्रदेश उत्तर-मध्य महाराष्ट्रा तक जा रही है, जिसके कारण तापमान में ठहराव आ गया है। दो दिन में दो डिग्री तक और तापमान गिरेगा, जिसके चलते ठंड बढ़ेगी।

न्यूनतम तापमान सामान्य से लगभग 3 डिग्री और अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री नीचे है। लोगों को ठंड से हर हाल में बचाव जरूरी है।, ठंड से परेशान एमपी के वासियों को कुछ दिन में राहत मिल सकती है। एक प्रभावी पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो गया है। हालांकि हवा के रुख में बदलाव होने से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। उधर शनिवार को मध्य प्रदेश में सबसे कम 0.5 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया।

11 शहरों में रात का तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। छतरपुर एवं बालाघाट जिले में तीव्र शीतलहर चली। दमोह, जबलपुर, कटनी, सागर,सतना, सीधी, उमरिया,गुना एवं ग्वालियर में शीतलहर रही। कटनी, 300 से 500 मीटर रायसेन एवं छतरपुर में 500 से 1000 मीटर और भोपाल में 1000 मीटर दृश्यता रही। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक रविवार से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

मझौली से 6 ट्रेक्टरों में आई 240 क्विंटल धान जब्त

खरीदी केन्द्रों में खपाने की थी तैयारी, अमरगढ़ गाड़ा के पास प्रशासन की कार्रवाई

कटनी, यशभारत। दूसरे जिलों से कटनी में अवैध तरीके से धान खपाने का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन हर दिन कार्रवाई कर रहा है तो इस गोरखधंधे में लिप्त लोग भी बाज नहीं आ रहे। रविवार को बड़ी मात्रा में दूसरे जिलों से आई धान की खेप को जब्त करने के बाद कल सोमवार को एक बार फिर छापामार कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि बहोरीबंद में तहसीलदार को जानकारी मिली कि जबलपुर से धान की खेप खरीदी केन्द्रों के लिए आ रही है। खबर मिलते ही कलेक्टर अवि प्रसाद ने कार्रवाई के निर्देश दिए। जिस पर राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों ने पनागर, मझौली जिला जबलपुर से 6 टैक्ट्रों में लोड होकर आई 240 क्विंटल धान को जब्त करते हुए वाहनों को बहोरीबंद थाने में खड़ा कराया गया है।

यश भारत
खबर विशेष

तहसीलदार पूर्वी तिवारी द्वारा अमरगढ़ गाड़ा के पास इन 6 टैक्ट्रों को रोककर पूछताछ की व धान के संबंध में दस्तावेज मांगे गए, जिनके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिले। जिस पर 6 टैक्ट्रों को बहोरीबंद थाने में खड़ा कराया। देर रात खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रमोद मिश्रा व पीयूष शुक्ला के द्वारा जांच पड़ताल करते हुए जांच प्रतिवेदन बनाया गया। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि प्रति टैक्ट्र 40 क्विंटल धान पाई गई। इस प्रकार 6 टैक्ट्रों में कुल 240 क्विंटल धान लोड थी। तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे ने बताया कि एसडीएम के निर्देशन पर स्लीमनाबाद क्षेत्र के अनेक स्थानों पर दबिश दी गई और सैकड़ों किवंटल में धान उन्हीं के गोदाम से पकड़ी है। गोदामों को फिलहाल सील कर दिया गया है। साथ ही कुछ जगहों पर अमानक स्तर का गेहूं भी में मिला है।

धान की तुलाई में लापरवाही महंगी पड़ी विक्रेता को

वर्तमान में धान उपार्जन नीति 2022-23 की जमीनी हकीकत को जांचने एवं परखने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा निरंतर दौरे किए जा रहे हैं एवं धान उपार्जन केंद्रों का सतत औचक निरीक्षण भी कराया जा रहा है। इसी अनुक्रम में बरही बाकल, विकासखंड बहोरीबंद के धान उपार्जन केंद्र में राजभान पटेल कनिष्ठ संविदा विक्रेता द्वारा धान की तुलाई समय सीमा में नहीं करने के कारण तुली हुई धान की मात्रा का स्टॉक अत्यधिक बढ़ गया था, जिससे कृषकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कलेक्टर श्री प्रसाद के बार-बार निर्देशों के बाद भी उक्त प्रकार की लापरवाही किए जाने के कारण सहायक आयुक्त सहकारिता जिला द्वारा राजभान पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए अमित पटेल को उपार्जन प्रभारी बनाया गया है।।

तेवरी में व्यापारियों के यहां मिली अमानक धान

एसडीएम संघमित्रा गौतम ने राजस्व व खाद्य विभाग की टीम के साथ आधा दर्जन व्यापारियों के गोदामों में दबिश दी। अधिकारियों ने गोदामों में रखी अमानक स्तर की 428 क्विंटल धान जब्त कर गोदामों को सील कर दिया है और मंडी निरीक्षक को जांच सौंपी है। गोदाम में रखी धान को खरीदी केंद्रों में खपाया जाना था। एसडीएम संघमित्रा गौतम ने बताया कि तेवरी में व्यापारी अवसर लाल असाठी के पास से 261 बोरी धान, बिहारी लाल असाठी के पास 153 बोरी धान, सुरेंद्र लाल असाठी के पास 130 बोरी धान, कमलेश असाठी, संजय असाठी के पास 301 बोरी धान व आंनद असाठी के पास से 400 बोरी धान गोदामों में रखी पाई गई है। इस धान को उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए रखा गया था। व्यापारियों से जब धान से संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो व्यापारी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जिस पर गोदामों को सील करते हुए मंडी निरीक्षक को जांच के लिए निर्देशित किया गया है। इस कारवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।

जल्द शुरू होगा फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड का निर्माण

कटनी, यशभारत। शहर के एकमात्र खेल मैदान फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड के आधुनिकीकरण की योजना पर जल्द ही क्रियान्वयन शुरू होने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक निर्माण एजेंसी द्वारा अगले कुछ दिनों में निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड के जीर्णोद्धार के बाद न केवल खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि खिलाड़ियों की प्रतिभा भी सामने आएगी। बड़े मैचों का भी आयोजन कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। खिलाड़ियों को कई तरह की सुविधाएं मिलने लगेंगी और उनकी परेशानियों का निराकरण हो जाएगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 8 एकड़ के इस खेल परिसर में एक क्रिकेट स्टेडियम और एक हॉकी स्टेडियम निर्मित किया जाएगा, जो सर्वसुविधायुक्त एवं अत्याधुनिक तकनीकी से लेस होगा, साथ ही इसमें एक विशाल मल्टीपर्पस इंडोर हॉल भी बनाया जायेगा, जिसमें अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस हॉल में बैडमिंटन, टेबिल टैनिस, कुश्ती, जूडो एवं कबड्डी की ट्रेनिंग कराई जायेगी। विदित हो कि क्षेत्रीय संसद व्ही डी शर्मा की अनुशंसा एवं मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल की मांग पर मप के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फारेस्टर खेल मैदान के आधुनिकीकरण की घोषणा की थी। जिस पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा सभी संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्य को प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

क्रिकेट स्टेडियम, हॉकी स्टेडियम एवं विशाल मल्टीपर्पस इंडोर हॉल बनने से खिलाड़ियों को मिलेंगी सुविधाएं

25 करोड़ का प्रावधान, प्रथम चरण में खर्च होंगे 10 करोड़

फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में करीब 10.26 करोड़ रूपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त एवं आधुनिक तकनीकी से परिपूर्ण एक क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होगा। फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड के आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है। प्रथम चरण में 15.26 करोड़ की राशि से निर्माण कार्य होगा। जिसमें खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 10.26 करोड़ रूपएस एवं जिला खनिज प्रतिष्ठान से 5 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। इस पूरे खेल परिसर की ड्राईंग डिजाईन मप्र पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा तैयार की गई है।

गुरूवार को फिर आएगी टीम, 7 करोड़ की धान गायब होने के मामले की फिर से होगी जांच

भोपाल से आए अफसरों ने ओपन कैप पहुंचकर की जांच

गोग्रीन कंपनी से कहा : फैले अनाज की पैकिंग के दिए निर्देश

कटनी, यशभारत। बड़वारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत मझगवां ओपन कैप में भंडारित की गई धान से लगभग 36 हजार बोरी धान चोरी होने के सनसनीखेज मामले की जांच शुरू हो गई है। 7 करोड़ रुपए से अधिक की गायब धान के मामले की जांच करने भोपाल से अधिकारियों की टीम कल कटनी पहुंची। मप्र वेयर हाउस सहित जबलपुर से आए चार अफसरों के दल ने मौके पर जाकर गहन जांच पड़ताल की। बताया जाता है कि जांच के अफसरों ने गोग्रीन कंपनी प्रबंधन से कहा है कि ओपन कैप में अनाज जो फैला हुआ है, उसकी पैकिंग करें। इसके बाद भौतिक सत्यापन कराएं। यह प्रक्रिया दो दिन में करने के लिए कहा है। बताया जाता है कि गुरुवार को एक बार फिर कटनी आकर टीम जांच करेगी। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 2021-22 में ओपन कैप मझगवां में 3 लाख 50 हजार क्विंटल धान का भंडारण कराया गया था। लगभग 32 से 33 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव मिलिंग के लिए कर लिया गया था। इस दौरान करीब 3 हजार मीट्रिक टन धान गायब पाई गई। इस खबर से कटनी से लेकर भोपाल तक हड़कम्प की स्थिति निर्मित हो गई। 36 हजार बोरी से अधिक धान गायब होने की खबर मिलने के बाद जांच की मांग उठने लगी। जांच करने के लिए मध्यप्रदेश वेयर हाउस भोपाल मुख्यालय महाप्रबंधक ओपी कुशवाहा, आरएम संतोष सोलंकी, जीएम क्यूयूसी सीएम मिश्रा, जबलपुर से संदी निसारिया, सीएम मिश्रा पहुंचे। इस दौरान गो-ग्रीन भोपाल से प्रोजेक्ट हेड सौरभ मालवीय, जीएम राजन भारद्वाज, कलस्टर इंजार्च राजेश यादव भी जांच में अधिकारियों के सामने पहुंचे। जांच के दौरान वेयर हाउस में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा। जिला प्रबंधक योगेन्द्र सिंह सेंगर के कक्ष में अफसरों ने एक-एक जानकारी जुटाई।

यश भारत
फॉलोअप

इनका कहना है

भोपाल की टीम जांच के लिए कटनी पहुंची आई। जो धान खुली पड़ी है, उसे एकत्रित कर बैगों में पैक कराने के कहा गया है। फिर जांच होगी तो पता चलेगा कि धान कितनी चोरी हुई है।

-अवि प्रसाद, कलेक्टर

कस्तूरबा गांधी छात्रावास में लापरवाही

छात्राओं का मेडिकल परीक्षण नहीं, स्वेटर भी नहीं मिली

विजयराघवगढ़, यशभारत। कस्तूरबा गांधी छात्रावास विजयराघवगढ़ में व्याप्त अनियमितताओं का मामला सामने आया है। नए वर्ष के उपलक्ष्य में नगर परिषद विजयराघवगढ़ की महिला पार्षद छात्रावास पहुंची थीं, जहां छात्राओं को नए वर्ष की शुभकामनाएं देने के बाद जब छात्रावास का निरीक्षण किया तो कई तरह की विसंगतियां सामने आई। जिसकी शिकायत विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, कलेक्टर अवि प्रसाद, जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक के के डेहरिया से करते हुए कार्यवाही की मांग की गई है।

शिकायत में कहा गया है कि विगत 2 जनवरी को नगर परिषद विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद श्रीमती राजेश्वरी हरीश दुबे, वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद श्रीमती सरोज चौधरी, वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद श्रीमती सीता चौधरी, वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद श्रीमती कल्पना सोनी एवं वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद श्रीमती दुर्गा बर्मन ने कस्तूरबा गांधी छात्रावास पहुंचकर छात्राओ को नववर्ष की शुभकामनाएं दी थी। उस समय वार्डन श्रीमती रचना मिश्रा अनुपस्थित रहीं। कुल दर्ज 150 छात्राओ में केवल 40 छात्राएं उपस्थित थी। सहायक वार्डन श्रीमती शारदा सिंह से उपस्थिति पंजी मांगे जाने पर उन्होंने यह कहते हुये कि अभिलेख आलमारी में बंद है, देने में असमर्थता जाहिर की। छात्राओं ने बताया कि उन्हें पिछले 3 माह से दैनिक जीवन के उपयोग में आने वाली कोई भी सामग्री नहीं मिली है। पार्षदो द्वारा जानकारी लेने पर छात्राओं ने बताया कि मेडिकल जांच भी नहीं हो रही है। ऐसा कोई अभिलेख संधारित नहीं पाया गया या दिखाया नहीं गया जिसमें छात्राओ के छात्रावास से बाहर जाने व वापस आने में किस के साथ गई है और वापस आई या अन्य कोई जानकारी दर्ज हो। जो खाद्य सामग्री के पैकिट सामने दिखाई दे रहे थे, वो भी गुणवत्तापूर्ण नही थे। जो बच्चो की स्वास्थ्य की दृष्टि से चिंताजनक है। छात्राओं ने बताया कि गर्म कपड़े घरों से लाती है एवं छात्रावास से उपलब्ध नहीं कराया जाता है। हायर सेकेण्ड्री की छात्राओं ने बताया कि कोचिंग के लिये केवल फीजिक्स की टीचर आती है, जबकि अन्य विषयो में भी मार्गदर्शन की जरूरत है। छात्राओ ने बताया कि भोजन भी मीनू अनुसार नहीं दिया जा रहा है। महिला पार्षदों ने कस्तूरबा गांधी छात्रावास विजयराघवगढ़ में व्याप्त अनियमितताओं की शिकायत करते हुए जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।

नगर परिषद विजयराघवगढ़ की महिला पार्षदों ने किया निरीक्षण, विधायक, कलेक्टर एवं डीपीसी से शिकायत

इनका कहना है

कस्तूरबा गांधी छात्रावास, विजयराघवगढ़ में अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत की विधिवत जांच के लिए विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की टीम को जिम्मा सौंपा गया था। टीम के अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच के बाद जांच प्रतिवेदन दिया गया है। जिसे वरिष्ठ अधिकारियों के पास अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

-के के डेहरिया, जिला परियोजना समन्वयक

जिला पंचायत सीईओ ने बच्चों को बांटी स्वेटर

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ने आज रॉबर्ट लाइन माध्यमिक शाला में बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक के के डेहरिया, प्रधान पाठक के एल पटेल, सरिता तिवारी सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

बिलहरी स्कूल में गणित के शिक्षकों का अभाव

वार्षिक परीक्षा नजदीक, बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

रीठी, यशभारत। ग्राम पंचायत बिलहरी के उपसरपंच विनोद शंकर शर्मा ने कलेक्टर अवि प्रसाद के नाम एक शिकायत देकर कहा है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलहरी में गणित विषय की पढ़ाई चौपट हो गई है। यहां जितनी छात्रों की संख्या है, उसके हिसाब से शिक्षकों की पोस्टिंग नहीं की गई है। शिकायत में बताया गया है कि बिलहरी स्कूल में अधिकतर बच्चे गरीब, हरिजन, आदिवासी एवं पिछड़े वर्ग से आते हैं। कक्षा नवमी में 154, कक्षा दसवीं में 98, कक्षा 11वी गणित में 14 एवं कक्षा 12वीं में 18 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। स्थान के अभाव मं कक्षा नवमी में केवल 2 सेक्शन संचालित है। शेष एकल कक्षाओं के साथ अध्यापन कराया जा रहा है। कुल मिलाकर गणित विषय की 5 कक्षाएं संचालित हैं। गणित विषय के अध्यापन हेतु 2 शिक्षकों की नियुक्ति है। इसमे से एक शिक्षक पिछले 10 वर्षों से बीआरसी के रूप में कार्य कर रहे थे। उनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त होकर बिलहरी विद्यालय में अध्यापन हेतु पदस्थापना हुई है। शिकायत में बताया गया है कि वार्षिक परीक्षा जल्द ही होने वाली है। वर्तमान में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति होना भी कठिन है। बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए स्कूल में गणित के शिक्षकों की पदस्थापना की जाए। उप सरपंच गणेश शंकर शर्मा ने शिकायत की प्रतिलिपि मप्र शासन के प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल, आयुक्त जबलपुर संभाग, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग जबलपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला शिक्षा अधिकारी को भी भेजी गई है।

बिलहरी के पूर्व उपसरपंच ने की कलेक्टर से शिकायत

चरगवां ने मोहतरा टीम को दी मात

क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश, बहोरीबंद में विधायक कप का आयोजन

कटनी, यशभारत। बहोरीबंद विकासखंड मुख्यालय में क्रिकेट प्रतियोगिता को बढ़ावा देने बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय द्वारा विधायक कप आयोजित करवाया जा रहा है। प्रतियोगिता में 79 ग्राम पंचायतों की टीम भाग ले रही हैं। विधायक कप की शुरुआत 31 दिसंबर से हुई थी। सोमवार को तीन मैच खेले गए। पहला मैच पडरिया और पिपरिया के बीच खेला गयाए जिसमें पडरिया टीम ने 8 रन से जीत दर्ज की। दूसरा मैच सलैया और सुपेली के बीच खेला गया, जिसमें सलैया फाटक ने 16 रन से जीत दर्ज की। इसके अलावा तीसरा मैच चरंगवा और मोहतरा के बीच खेला गयाए जिसमें चरंगवा ने 11 रन से जीत दर्ज की। इस दौरान प्रांजल पांडेय, सीताराम पटेल, अजय तिवारी, अंकित पांडेय, अज्जू यादव, प्रकाश राजपाल सहित अन्य की उपस्थिति रही।

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली
कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी में
जिले की एक मात्र न्यूरो & ट्रामा यूनिट
जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी यूनिट
न्यूरो सर्जन
ब्रेन हेमरेज स्ट्रोक यूनिट
ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी
ब्रेन की नसों की एजियोग्राफी,एजियोप्लास्टी
इन्ट्राकैनियत हेमरेज क्वाइलिंग
दूरबीन द्वारा ब्रेन एवं स्पाइन के ऑपरेशन
Dr.S.K.Gupta
M.B.B.S., M.S. (SURGERY)
M.Ch (Neuro)
SENIOR NEURO-SPINE SURGEON
सुपर स्पेशिलटी सुविधायें
24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
पैथालॉजी
कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग एवं जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन
हार्निया
ऐपेन्डिक्स
पित्त की थैली की पथरी
आंतों एवं पेट की अन्य बीमारियों हेतु
Dr.S.K.Singh
M.B.B.S., M.S.,F.M.A.S
प्रतिदिन उपलब्ध
प्रतिदिन उपलब्ध
आयुष्मान योजना द्वारा ऑपरेशन तथा भर्ती की सुविधा उपलब्ध
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
From 16th December 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMN
Mittal MALL
paytm
bookmyshow
Show Timing
8:00 AM
11:45 AM 3:30 PM
7:15 PM 10:30 PM
AVATAR
2D
DRISHYAM 2
Show Timing
1:00 PM
3:45 PM 7:00 PM
9:45 PM
Show Timing
12:30 PM
3:30 PM
6:30 PM
9:15 PM
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

केन्द्र का फैसला स्वागत योग्य

देश भर में जैन समाज अपने प्रमुख तीर्थस्थल सम्मेद शिखरजी की पवित्रता बनाए रखने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से सड़कों पर था। जैन समाज की मांग पर केंद्र सरकार ने झारखंड के गिरिडीह में पारसनाथ पहाड़ी क्षेत्र में इको-टूरिज्म विकसित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाओं में संशोधन करना मंजूर कर लिया है। उसने राज्य सरकार से उस इलाके में इको सेंसिटिव जोन नोटिफिकेशन खंड-3 के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर तत्काल रोक लगाने को कहा है।इससे पहले झारखंड सरकार ने भी केंद्र को पारसनाथ स्थित सम्मेद शिखर जी की पवित्रता बनाए रखने के लिए जैन अनुयायियों से मिले आवेदनों को देखते हुए समुचित निर्णय लेने की अपील की थी। असल में पारसनाथ पहाड़ी जैनों के 24 में से 20 तीर्थंकरों की निर्वाणभूमि होने के कारण दुनिया भर में फैले जैन समाज के लिए विशेष रूप से पूजनीय क्षेत्र रहा है। यहां बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग वंदना यात्रा के लिए आते हैं। निर्जल रहकर और नंगे पैर चलकर 27 किलोमीटर की यह कठिन यात्रा 14-15 घंटे में पूरी की जाती है। स्वाभाविक ही इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के फैसले ने पूरे जैन समाज को उद्वेलित कर दिया। उन्हें लगा कि पर्यटक यहां बड़ी संख्या में आएंगे तो इस क्षेत्र की पवित्रता भंग होगी।जैन समाज ने विरोध प्रदर्शन में जिस तरह की एकजुटता दिखाई वह इस बात का संकेत था कि इस पूरे समुदाय की आस्था को इस फैसले से चोट पहुंची है। केंद्र सरकार ने अपने कदम वापस लेकर एक अच्छा काम किया है। लोकतंत्र में निर्वाचित सरकार को जनभावनाओं का ख्याल रखते हुए ही आगे बढ़ना चाहिए। विकास जरूरी है लेकिन आखिरकार वह समाज के ही लिए है। इस क्षेत्र के साथ एक खास बात यह भी है कि जैनों का तीर्थस्थल होने के साथ-साथ यह सांथाल जनजाति के लोगों की आस्था और संस्कृति से भी जुड़ा है। वे इसे मारंग बुरु के रूप में पहचानते हैं। वे पूरी श्रद्धा से पर्वत पर स्थित जुग जाहेर थान का पूजन करते हैं।हर साल फरवरी और अप्रैल में धूमधाम से अपना पारंपरिक त्योहार मनाते हैं। संभवत:इसी बात को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने संशोधित इको-सेंसिटिव जोन नोटिफिकेशन में प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मॉनिटरिंग कमिटी गठित करने को कहा है। इस कमिटी में जैन समुदाय के दो सदस्यों के साथ ही स्थानीय आदिवासी समुदाय से भी एक सदस्य को स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में रखने की बात कही गई है। यह अच्छी पहल है। इस मामले में केंद्र और राज्य सरकार ने देर से ही लेकिन सही कदम उठाया, वह स्वागत योग्य है।

सुख-सुविधाओं के फेर में खुद को भूलना

असंतोष ही असंतोष आज के युग की पहचान बन गई है। हमारी कामनाएं और अपेक्षाएं हर पल बढ़ती ही जाती हैं। हमारे लोक-जीवन में 'निन्यानवे का फेर' वाली कहावत आज पूरी तरह सच हो रही है। कुछ पाने और इकट्ठा करने के चक्कर में आज हम 'खुद' को ही भूल बैठे हैं और मशीन बनकर एक अंधी दौ? में हांफते हुए बस दौ?ते जा रहे हैं।

जिसके पास सब कुछ है, वह भी संतुष्ट नहीं है। उसे भी और अधिक चाहिए ही? जाने क्यों हम जीवन के मूल सत्य को भूल गए, जो हमें युगों से कहता रहा है :-

'गोधन, गजधन, बाजिधन और रतनधन खान।
जब आवै संतोष धन, सब धन धूरि समान।'

आखिर क्या हुआ कि हम भारतीय संस्कृति के उन शाश्वत मूल्यों को भुला बैठे, जो हमें सिखाते थे कि' अपने में भर सब कुछ कैसे, व्यक्ति विकास करेगा?

यह एकांत स्वार्थ है भीषण, अपना नाश करेगा।'

मुझे तो लगता है कि कुछ पा लेने की बेतहाशा दौड़ में हम अपनी शांति, सुकून और गहरी नींद को खो बैठे हैं। हाल ही में एक प्रेरक प्रसंग पढ़ने को मिला, जिसने मेरे अंतर्मन को छुआ है, वही आपको देना चाहता हूं -

'एक साधु वृक्ष के नीचे ध्यान करते थे और रोज एक लकड़हारे को लकड़ी काटकर ले जाते हुए देखते थे। एक दिन उन्होंने लक?हारे से कहा, 'सुन भाई, दिन-भर तू लकड़ी काटता है, पर दो जून रोटी भी नहीं जुट पाती। तू जरा आगे क्यों नहीं जाता, आगे चंदन का जंगल है। एक दिन काट लेगा, तो सात दिन के लिए काफी हो जाएगा।'

गरीब लकड़हारे को विश्वास नहीं हुआ, क्योंकि वह तो सोचता था कि जंगल को जितना वह जानता है और कौन जान सकता है! मानने का मन तो न हुआ, लेकिन फिर सोचा कि हर्ज क्या है? कौन जाने ठीक कहता हो? एक बार आगे जा कर देख लेता हूं।

साधु की बातों पर विश्वास कर वह आगे गया, लौटा तो साधु के चरणों में गिर कर बोला, 'मुझे क्षमा करना, मैं तो सोचता था कि मुझसे ज्यादा लकि?यों के बारे में कौन जानता है?

मगर मुझे चंदन की पहचान ही न थी। आपने पहचान बताई, गंध जतलाई और चंदन की परख दी। मैं भी कैसा अभागा हूं! काश! ये पहले पता चल जाता!' साधु ने कहा कोई फिक्र न करो, जब जागो, तभी सवेरा है। उसके दिन ब? मजे में कटने लगे। एक दिन चंदन काट लेता, सात-आठ दिन, जंगल आने की जरूरत ही न रहती। एक दिन साधु ने कहा, 'मेरे भाई, मैं सोचता था कि तुम्हें कुछ अक्ल आएगी। जिंदगी भर तुम लकि?यां काटते रहे, आगे नहीं गए? कभी सोचा ही नहीं कि इस चंदन के आगे भी कुछ हो सकता है?' लकड़हारा बोला, 'क्या चंदन के आगे भी कुछ है?' तो साधु ने कहा, 'चंदन के जरा आगे जाओ, वहां चांदी की खदान है। लकड़ियां काटना छोड़ो। एक दिन ले आओगे, तो चार-छह महीने के लिए हो जाएगा। अब तो वह साधु पर भरोसा करने लगा था, बिना संदेह किये भागा। चांदी पर हाथ लग गए, तो मजा आ गया! चार-छह महीने नदारद हो जाता। एक दिन आ जाता, चांदी लेकर फिर नदारद हो जाता। साधु ने एक दिन फिर कहा कि तुम तो कभी जागोगे नहीं, मुझे ही तुम्हें जगाना पड़ेगा। मूर्ख! आगे सोने की खदान है! तुझे जिज्ञासा ही नहीं होती कि जरा और आगे देख लूं?' लकड़हारा बोला, 'सचमुच मैं मूर्ख हूं, मुझे यह खयाल ही न आया। मैं तो समझा कि चांदी मिल गई, अब और क्या होगा?' साधु ने कहा, 'थोड़ा और आगे सोने की खदान है।' और यह कहानी ऐसे ही चलती जाती है।

अब तो उस लकड़हारे में भी बड़ी अकड़ आ गई, वह बड़ा धनी भी हो गया, महल खड़े कर लिए थे। अब साधु ने कहा, 'आगे हीरों की खदान है। वहां नहीं जाएगा?' तो लकड़हारे ने कहा, 'अब छोड़ो, अब तुम मुझे परेशान न करो। अब सोने के आगे क्या हो सकता है?'

उस साधु ने कहा, 'सोने और हीरों के आगे मैं हूं। तुझे कभी खयाल नहीं आया कि यह आदमी फक्कड़ मस्त यहां बैठा है, जिसे पता है सोने और हीरों की खदान का, इसको जरूर कुछ और आगे मिल गया होगा! हीरों से भी आगे इसके पास कुछ होगा, तुझे कभी यह खयाल नहीं आया?' अब तो लक?हारा रोने लगा। ?कीर के चरणों में उसने सिर पटक दिया और कहा, 'मैं भी कैसा मू? हूं कि मेरे मन में यह सवाल ही नहीं आया। साधु ने कहा, 'पगले! उसी धन का नाम तो 'ध्यान' है, वही धन है मन का संतोष। अब तेरे पास अथाह धन है, धन की और कोई जरूरत नहीं, लेकिन तू निकम्मा हो गया। खुद को ही भूल बैठा है। अब जरा अपने भीतर की उस बेजो? खदान को देख, जो सबसे आगे है। जिस दिन तू खुद को जान लेगा, तुझे संसार के सारे धन बेकार लगने लगेंगे। 'आत्म-दीप' जला पगले! तब रोशनी ही रोशनी रहेगी, तब तेरी सारी अपेक्षाएं खत्म हो जायेंगी। जीवन शान्ति से भर उठेगा, मन का भटकना खत्म हो जाएगा।'

सोचिए, राजा के पुत्र होकर गौतम बुद्ध, वर्धमान महावीर क्यों सब कुछ छोड़कर चले आए और कहा 'अप्प दीपो भव' क्यों महात्मा गांधी एक धोती में ही जीवन भर देश को जगाते रहे? दुनिया भर को रोशनी देते रहे? इन सवालों के उत्तर में आप 'खुद' को पाएंगे।

-योगेन्द्र नाथ शर्मा 'अरुण'

शेयर बाजार में गिरावट क्यों..!

दिसंबर 2022 के अंत से शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला देखा गया है वह अब तक थमा नहीं है। इसके मूल में जो कारण है वह है मुनाफे के लिए खेलों में भारी बिकवाली। इसका यह अर्थ नहीं है कि अन्य पारिस्थितिक कारण शेयर बाजार में गिरावट के लिए जिम्मेदार नहीं है। शेयर की कीमत डॉलर विनिमय दर , कंपनी की परफारमेंस तथा सोने चांदी के मूल्य में उतार-चढ़ाव से भी शेयर बाजार प्रभावित होता है परंतु वर्तमान में शेर की गिरावट का मूल कारण है मुनाफा वसूली ।

इसे समझने के लिए इसे समझने के लिए एक साधारण सा अर्थ शास्त्रीय सिद्धांत आपको स्मरण दिला देता हूं कि मांग और पूर्ति में असमानता मूल्यों के घटने बढ़ने पर प्रभाव डालती है। वर्तमान में शेयर ब्रोकर्स इन उसे खरीद कर बेचने वालों ने खरीदे गए शेयर्स के भाव बढ़ने पर खरीद मूल्य से 15 से 20 परसेंट का मुनाफा देखते ही शेयर बेचने प्रारंभ कर दिए जिसके परिणाम स्वरूप स्टाक्स की अधिकता के कारण मूल्य में गिरावट आई।

यह गिरावट लगभग जनवरी के अंतिम सप्ताह तक जारी रहेगी। परंतु मार्च के अंतिम हफ्ते में स्टॉक्स के मूल्य में एक बार फिर ऐसी ही स्थिति देखी जा सकती है। परंतु बजट के बाद शेयर बाजार में उछाल होगा।

सोने के संबंध में यहां स्पष्ट करना चाहूंगा कि विश्व बाजार में सोने का मूल्य निर्धारण अधिक होने तथा भारत में इसकी मांग अधिक होने के परिणाम स्वरूप इस वर्ष के अंत तक सोने की कीमतों में एक बार फिर से तेजी दिखाई देगी । इस वर्ष सोने की कीमत वर्ष की समाप्ति होते होते ?61000 तक होने की संभावना है। जानकारों का मत है कि 2023 के अंतिम माह में सोना मेरे न्यूनतम इलेक्शन से अधिक यानी 62 से ?63000 हो सकता है।

मध्यमवर्गीय निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वह अपने पसंदीदा स्टॉक्स की गिरती हुई कीमत को देखकर भावुक न हो। वे अपने स्टॉक को संभाल कर रखें और लगभग पहली तिमाही तक इंतजार करें अर्थात मार्च के प्रथम सप्ताह तक शेयर बाजार में निफ्टी का सूचकांक रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच सकता है। टेलीविजन पर आने वाली कार्यक्रमों की विश्वसनीयता भी पूरी तरह से अनुकरणीय नहीं है। अगर शेयर बाजार में इन्वेस्टमेंट करना है तो नए इन्वेस्टर जो प्रतिमाह 1000 से 1500 रुपए तक की बचत कर सकते हैं वह अपनी पूंजी सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान में जमा कर सकते हैं। जिसे हम संक्षिप्त में एसआईपी कहते हैं।

वैश्विक महामंदी के चलते भारत के पूंजी बाजार में भी असर देखा जा रहा है। अत: आपसे अनुरोध है कि यदि आपको पूंजी के रूप में बचत को परिवर्तित करना है तो बैंक से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। यदि आप तुरंत फायदा चाहते हैं तो आपका पोर्टफोलियो बेहद स्ट्रांग होना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक कंपनी की गहन परीक्षा कर लेनी चाहिए। साथ ही बाजार खुदरा बाजार में जिन उत्पादों को खरीदा जाता है तथा उनकी मांग भी बनी रहती है के स्टॉक ही खरीदे जाने की सलाह दूंगा। शेयर बाजार पूरी तरह से जोखिमों पर निर्भर करता है। ऐसी स्थिति में केवल उन लोगों को ही शेयर ट्रेडिंग करना चाहिए जो धैर्यवान हैं तथा अपनी पूंजी पर लाभ प्राप्ति के लिए किसी भी तरह की जल्दबाजी ना करें। मध्यमवर्गीय शेयर ट्रेडिंग करने वाले व्यक्तियों एवं परिवारों को सलाह दी जाती है कि वह अपनी पूंजी की सुरक्षा के लिए अंधाधुंध शेयर ना खरीदें। इसके लिए फंड मैनेजर का सहयोग आप अप्रत्यक्ष रूप में प्राप्त कर सकते हैं। मेरे अब तक के अनुभव में स्पष्ट है कि एसआईपी ही सबसे बेहतर विकल्प है लेकिन इसमें भी रिस्क बनी रहती है। जोखिम की स्थिति से निपटने के लिए बहुत अधिक मात्रा में इन्वेस्टमेंट अर्थात निवेश शुद्ध बचत का 10त्न से 15त्न ही होना चाहिए।

गिरीश बिल्लोरे मुकुल

आपका राशिफल 11 जनवरी

मेष चू चे चो ला ली लू ले लो आ

कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। शुभांक-5-6-7

वृष इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-6-7-9

मिथुन का की कू घ ङ छ के को हा

कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-8

कर्क ही हू हे हो डा डी डू डे डो

संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ संझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

सिंह मा मी मू मे मो टा टी टू टे

कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ संझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपकी योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-3-5-7

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

तुला रा री रु रे रो ता ती तू ते

राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक तो ना नी नू ने नो य यी यू

आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-2-5-7

धनु ये यो आ भी भू धा फा ढा भे

आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-7

मकर भे जा जी खी खू खे खो गा गी

कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-1-2-6

कुंभ गू गे गो सा सी सू से सो दा

अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-2-6-8

मीन दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ संझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-4-9

फिल्म वर्ग पहेली- 6043



ऊपर से नीचे:-

१. 'बचपन की मोहब्बत को' गीत वाली भारतभूषण, मीना की फिल्म-२,३
२. सुनील दत्त, मीना की फिल्म-३
३. 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली कमल हासन, श्रीदेवी की फिल्म-३
४. लकी अली, मीरा की 'जाना है जाना है चलते ही' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मेरे सपनों की रानी कब' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१०. नसीरूद्दीनशाह, शबाना की 'सीली हवा छू गई' गीत वाली फिल्म-३
११. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा मालिनी की फिल्म-२
१२. सनी, अमृता की 'ये मेरी जिंदगी बेजान लाश थी' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा कोइराला की फिल्म-४
१५. 'एक लड़की बस गई' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'भोर आई गया अँधियारा' गीत वाली राजेश खन्ना, जया की फिल्म-३
१९. कमल सदाना, काजोल की 'जब ना माना दिल दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आशायें खिलें दिल की' गीत वाली नसीर, श्रेयस, श्वेता की फिल्म-४
२३. अनिलकपूर, फरहा की 'पूछ रही है लड़की हैदराबादी' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
२९. संजयदत्त, अभिषेक, जायेदखान, ईशा देओल, राइमासेन, शिल्पा की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. 'सारे शहर में आप सा कोई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली की फिल्म-३
६. मिथुन, मधु, रंभा की 'तुम्हें हम बहुत प्यार करने लगे' गीत वाली फिल्म-३
७. 'तेरी प्यारी प्यारी' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बी. सरोजादेवी की फिल्म-४
८. बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
१४. 'सरकाय लेओ खटिया' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
१७. फिल्म 'शहीद' में नायिका ?-३
१८. 'आई बहार खिलते हैं दिल' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
२०. शशिकपूर, रेखा की 'जाने कैसे बीतेंगे ये बरसातें' अभिनीत फिल्म-३
२२. 'मच गया शोर सारी' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
२४. ऋषि, टीना की 'एक हसीना थी एक दीवाना था' गीतवाली फिल्म-२
२५. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबनो की फिल्म-२
२६. रणधीरकपूर, रेखा की 'हो देख तुझको दिल ने कहा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२८. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'दीवाने हैं दीवानों से तू' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'आइये आ जाइये, आ ही जाइये' गीत वाली अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, मनीषा, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
३१. राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला की 'नी मैं यार मनाना' गीत वाली फिल्म-२
३२. अमिताभ, जीनत की फिल्म-४

फिल्म वर्ग पहेली- 6042

उ	त्स	व		चि	श	ग		खी	फ
स्त		च	रि	त्र		म	स्त		र
द	म	न		ले	कि	न		ज्ञ	दी
		यं		रे	खा			ना	गि	न
अं	दा	ज				प्या	सा		दं	
गु		मा	चि	स			ज	ख्मी		जं
र	वी	ना		ल	गा	न			जं	ग
	र		हे	मा			सी		ली	
बे	ता	बी		न	या	ज	मा	ना		
टा		ना	ना		दे			म	स्ती	

Jagrutidaur.com, Bangalore

जवानी में ही बुढ़ा कर देगी कैल्शियम की कमी, दवाइयां नहीं ये नेचुरल चीजें खाएं

कैल्शियम हमारे शरीर के लिए कितना जरूरी है ये तो हम सब जानते हैं। इसकी कमी हो तो दांतों और हड्डियों में कमजोरी आने लगती है। नाखून कच्चे हो जाते हैं। महिलाओं को 30 के बाद इसकी कमी होने लगती है इसलिए डाक्टर्स कुछ सप्लीमेंट्स व टेबलेट्स खाने के लिए कहते हैं लेकिन अगर आप नैचुरल आहारों के जरिए कैल्शियम का सेवन करेंगे तो किसी तरह की दवा खाने की आपको जरूरत नहीं होगी लेकिन कैसे पता चलेगा कि शरीर में कैल्शियम की कमी हो रही हैं।

कैल्शियम की कमी के लक्षण

कैल्शियम की कमी होगी तो आपके मसल्स में दर्द, ऐंठन रहेगी।

उठने-बैठने व चलते समय दर्द होगा जांघों में भी दर्द महसूस हो सकता है।

कमजोरी के चलते हड्डियों के जोड़ों में दर्द रहता है।

शरीर में कमजोरी के चलते चक्कर आते हैं आप किसी काम में ध्यान नहीं लगा पाते।

याद्दाश्त कमजोर होने लगती है।

नाखून कच्चे होने लगते हैं और सफेद निशान पड़ने लगते हैं।

बाल झड़ने लगते हैं।

दांतो में दर्द, मसूड़ों से खून, दांतों की जड़ें कमजोर होने लगती है।

अब आपको बताते हैं कि नैचुरली तरीके से कैल्शियम को पूरा कैसे रखना है?

सामान्य अवस्था में व्यस्कों को एक दिन में करीब 700 मिलीग्राम कैल्शियम की आवश्यकता होती है इसलिए आपको अपने भोजन में उन चीजों को शामिल करने की जरूरत होती है जो कैल्शियम भरपूर हो।सबसे पहले तो डेयरी प्रॉडक्ट्स खाएं। दूध जरूर पीएं और दूध से बनी चीजें खाएं जैसे दही, पनीर आदि।

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे ब्रोकोली, भिंडी,साग, पालक आदि का सेवन करें। एक कप उबला हुआ पालक आपके शरीर में 25 प्रतिशत तक कैल्शियम की आपूर्ति कर सकता है।

नॉन वेज खाते हैं तो अंडे और मछली को डाइट में शामिल करें।

मुट्ठीभर नट्स खासकर बादाम खाएं। नट्स में कैल्शियम होता है जो हड्डियों को मजबूती देता है।

इनमें मैग्नीशियम और फास्फोरस भी होते है। मैग्नीशियम हड्डियों में कैल्शियम के अवशोषण में सहायता करता है।

केला और संतरा जरूर खाएं।

विटामिन डी की सही मात्रा भी शरीर में होनी बहुत जरूरी है क्योंकि विटामिन डी अगर शरीर में कम होगा तो कैल्शियम की कमी रहेगी। दरअसल, विटामिन डी ही कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए सुबह की ताजी गुनगुनी धूप लें।

अगर इन चीजों से भी शरीर में कैल्शियम या विटामिन डी की कमी रहती है तो डॉक्टर से संपर्क करें ताकि वह आपको जरूरतानुसार दवा व सप्लीमेंट्स दें। शरीर में कैल्शियम की कमी से खून की कमी भी हो सकती है इसलिए कैल्शियम उचित मात्रा में जरूर खाते रहें।

सूडोकु नवताल- 6556

सरल

	7	9	4	2		6		3
	6		8		7		2	
4	1				3	5	8	
	9	8	3					
7		4		5		8		1
					9	7	3	
	8	5	7				4	6
	2		9		1		5	
3		1		6	8	9	7	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6555 का हल

8	9	5	1	3	7	2	4	6
7	3	2	6	5	4	1	8	9
1	6	4	8	9	2	7	5	3
5	7	3	4	2	9	6	1	8
4	2	8	5	6	1	3	9	7
6	1	9	3	7	8	5	2	4
3	5	1	9	4	6	8	7	2
2	4	6	7	8	5	9	3	1
9	8	7	2	1	3	4	6	5

विचार प्रवाह

दुनिया का नजरिया अलग ही है। नजर का ऑपरेशन तो संभव है पर नजरिए का संभव नहीं। दुनिया आपके भाव को नहीं, प्रभाव को देखती है। आपका इन्टेन्शन कितना भी अच्छा हो पर दुनिया आपके इन्टेन्शन को नहीं, प्रजन्टेशन को देखती है। जबकि ईश्वरआपके प्रजेन्टेशन को नहीं इन्टेन्शन को देखता है। जैन धम्र कहता है भाव बदलते ही भव बदल जाते हैं।

-मुनिश्री तरुण सागर

शब्द पहेली - 7595

बाएँ से दाएँ

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शासन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नक्षत्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4

ऊपर से नीचे

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

शब्द पहेली - 7594 का हल

क	ल	ह	र		ग	ज	ल	
ला	ल		ढ़		ज		ई	क
ल		घा	ट	ट	ई			ल
र	स	द		ध		प	त्ता	ल
		फ	ल		जी	व		
क	ल	र		भ		ग	र	ज
ह			न	त	ओ	ई		य
ढ़	र		म		क		ध	व
	ध	द	य		र	ह	ध	र

Jagrutidaur.com, Bangalore

हमारी चक्की बहुत बारीक पीसती है...

कमल नाथ ने अफसर-कर्मचारियों को चेताया , मनमानी न करें

भोपाल, यशभारत। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को फिर चेतावनी दी है। भाजपा पर दबाव के सहारे चुनाव जीतने का आरोप लगाते हुए कमलनाथ ने कहा कि शासकीय कर्मचारी और अधिकारी चुनाव में मनमानी करेंगे तो हम भी जवाब देंगे। हमारी भी चक्की चलेगी और आप जानते हैं कि हमारी चक्की बहुत बारीक पीसती है। पंचायती राज सम्मेलन में प्रदेश भर से आए पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कमल नाथ ने कहा, मुझे पता है कि किन परिस्थितियों से गुजर कर आपने जीत हासिल की। आज भाजपा राज में आप किन परिस्थितियों से मुकाबला कर रहे हैं। पैसा, पुलिस प्रशासन के आधार पर दबाव की राजनीति की गई थी और आज भी की जा रही है। बड़े दुख की बात है कि भाजपा के पास कोई उपाय नहीं था। किस प्रकार मनमानी की गई और आप पर सरकार का दबाव बनाया गया, आज भाजपा के पास इसके अलावा कुछ नहीं है। आपके साथ अन्याय हुआ है। पंचायती राज सम्मेलन में प्रदेश भर से आए पंचायत प्रतिनिधिया को संबोधित करते हुए कमल नाथ ने कहा, मुझे मालूम है कि किन परिस्थितियों से गुजर कर आपने जीत हासिल की, आज भाजपा राज में आप किन परिस्थितियों से मुकाबला कर रहे हैं। पैसा, पुलिस प्रशासन के आधार पर दबाव की राजनीति की गई थी और आज भी की जा रही है, बड़े दुख की बात है कि भाजपा के पास कोई उपाय नहीं था, किस प्रकार मानमानी की गई और आप पर सरकार का दबाव बनाया गया, आज भाजपा के पास इसके अलावा कुछ नहीं है, आपके साथ अन्याय हुआ है। पूर्व सीएम कमल नाथ ने कहा, शासकीय कर्मचारी और अधिकारियों द्वारा चुनाव में की गई मनमानियों का हम भी जवाब देंगे, हमारी भी चक्की चलेगी और आप जानते हैं कि हमारी चक्की बहुत बारीक पीसती कांग्रेस की सरकार बनते ही पंचायत प्रतिनिधियों को उनके प्रशासनिक अधिकार प्रदान किये जायेंगे। कमल नाथ ने कहा कि 15 साल बाद हमारी सरकार बनी थी, 15 महीने चली। सरकार में एकता का परिचय दिया।

जंगल में पर्यटकों की जिप्सी के सामने आ गया टाइगर परिवार, लगाना पड़ा रिवर्स गियर

भोपाल, ईएमएस। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पार्क का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वायरल वीडियो काफी रोमांचकारी है लेकिन जिप्सी में बैठे पर्यटकों की सांसें अटकी हुई थी। इन दिनों एमपी के टाइगर रिजर्व पार्क पर्यटकों के गुलजार हैं। जंगल सफारी के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। टाइगर स्टेट एमपी में लोगों बाघों का दीदार करने आ रहे हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों का सामना बाघ परिवार से हुआ है। पर्यटक में जंगल में जंगली जानवरों का दीदार करने निकले थे। सफारी के दौरान पर्यटकों की जिप्सी के सामने टाइगर फैमिली आ गया है। एक साथ तीन बाघ विपरीत दिशा से जिप्सी के करीब आ रहे थे। यह दृश्य पर्यटकों के लिए काफी अद्भुत था। ऐसे बाघों का दीदार कम ही होता है। बाघों को सामने से आता देख

पर्यटकों को सांसें अटक गई थी। इसके बाद ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए रिवर्स गियर लगाया। वहीं, बाघ भी जिप्सी की ओर ही बढ़ते रहे। इस दौरान जिप्सी पर बैठे एक पर्यटक ने वीडियो शूट कर लिया है। वीडियो में जिप्सी की ओर आ रहे बाघों की संख्या तीन है। तीनों बड़े बाघ दिख रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ये सभी एक ही परिवार के हैं। पर्यटकों ने ही इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। 10 सेकंड का यह रोमांचकारी वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। साथ ही बेहद दिलचस्प भी है। गौरतलब है कि एमपी के टाइगर रिजर्व पार्कों से आए दिन ऐसे रोमांचकारी वीडियो सामने आते रहते हैं। कभी बाघों की लड़ाई की तो कभी बाघिन अपने शावकों के साथ जंगल में चहलकदमी करते दिख जाती है। कभी बाघ पर्यटकों को जंगल में शिकार करते भी दिख जाते हैं। हालांकि बाघों ने पर्यटकों को नुकसान नहीं पहुंचाया है।

भोपाल डीआरएम ऑफिस में सीबीआई की छापेमारी

भोपाल,ईएमएस। सीबीआई ने भोपाल डीआरएम ऑफिस में छापेमारी की है। डीआरएम ऑफिस में तैनात एक 42 वर्षीय रेलवे अधिकारी को सीबीआई की टीम ने रिश्वतखोरी मामले में गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि आरोपी मुकेश कुमार भगत सेटलमेंट सेल में तैनात था। उसने सेवानिवृत्त एक कर्मचारी से उनकी पेंशन बकाया और भत्तों के भुगतान के लिए 25 हजार रुपये की मांग की थी। इसके बाद पीड़ित कर्मचारी ने सीबीआई में शिकायत की थी। शिकायत की पुष्टि होने के बाद सीबीआई ने मामला दर्ज किया था। पीड़ित कर्मचारी ने आरोपी अधिकारी के साथ डील की। वह 20 हजार रुपये लेकर काम करने को तैयार हो गया। रिश्वत के लिए वह बकाया राशि जारी करने में अनावश्यक विलंब कर रहा था। सीबीआई एएसपी अतुल हजेला के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाया और आरोपी अधिकारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया है।

M P की सुपर टाइग्रेस मॉम

4 चार बच्चों के साथ पेंच में स्पॉट, 9 साल में 20 शावकों को जन्म दे चुकी

भोपाल, यशभारत। टाइगर स्टेट स्कमें बाघों की मौत के आंकड़े चिंता बढ़ा रहे हैं। हाल ही में दो बाघों की मौत हो चुकी है। इसी बीच पेंच टाइगर रिजर्व में इन दिनों टाइगर का कुनबा बढ़ना किसी ब?ी खुशखबरी से कम नहीं है। यहां की पाटदेव बाघिन (ञ्च-4) अगली च्सुपर टाइग्रेस मॉमज्बन रही है। वह 9 साल के अंदर पांच बार में कुल 20 शावकों को जन्म दे चुकी है। अभी वह अपने चार शावकों के साथ टाइगर रिजर्व में घूमती नजर आ रही है। टी-4 बाघिन पेंच की ही च्कॉलर वालीज्बाघिन की बेटी है। मध्यप्रदेश के सभी 6 टाइगर रिजर्व इन दिनों टूरिस्टों से गुलजार है। नए साल से अब तक हजारों टूरिस्ट टाइगर रिजर्व में घूमकर जानवरों के करीब से दीदार कर चुके हैं। ऐसे में पेंच की तस्वीर ने सबको खुश कर दिया है। पेंच में चार शावकों के साथ घूम रही टी-4 बाघिन को देखकर टूरिस्ट खुश हो रहे हैं। वह अपनी मां च्कॉलर वालीज बाघिन के नक्शे कदम पर ही चल रही है। च्कॉलर वालीज बाघिन की पिछले साल जनवरी में मृत्यु हो गई थी। सितंबर 2005 में जन्मी यह बाघिन 8 बार में 29 शावकों को जन्म दे चुकी थी। उसके नाम पर एक साथ पांच बच्चों को जन्म देने का भी रिकॉर्ड भी है। मप्र टाइगर स्टेट का दर्जा दिलाने में च्कॉलर वाली बाघिनज्की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उसी की संतान में एक टी-4 है, जो मां की विरासत को आगे ब?ा रही है। टी-4 अपनी मां की तरह की एकसाथ पांच शावकों को भी जन्म दे चुकी है। पेंच के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने बताया कि 2014 में बाघिन टी-4 ने पहली बार चार शावकों को जन्म दिया था। वर्ष 2016 में 3, 2018 में 4, 2020 में 5 शावक और 2023 में 4 शावकों के साथ वह घूम रही है। जंगल में शावकों को पालना आसान नहीं है, लेकिन टी-4 यह जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है।

अब देशी भैंसों की नस्ल में सुधार की तैयारी

खास तकनीक से जन्म लेगी सिर्फ फीमेल बफेलो कॉफ

भोपाल,ईएमएस। किसानों के लिए एक अच्छी खबर है। मवेशियों की नर संतानों को पैदा होने से रोकने के लिए एक खास तकनीक विकसित की गई है। दरअसल मप्र राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम अब भोपाल मदर बुल फॉर्म में गायों के बाद देशी भैंसों की नस्ल सुधार में जुट गया है। ब्राजील की तर्ज पर अब निगम भैंसों में सेक्स सार्टेड सीमन की तकनीक का प्रयोग करेगा। इसके जरिए भैंस फीमेल कॉफ (पि?या) को ही जन्म देगी। इससे किसानों को दूध उत्पादकता ब?ाने में मदद मिलेगी। निगम के एमडी डॉ. एसबीएस भदौरिया ने बताया ने बताया कि मदर बुल फॉर्म स्थित लैब मुर्रा नस्ल के बफेलो बुल से सेक्स सार्टेड सीमन से 50 हजार स्ट्रा तैयार किया जा रहे हैं। नस्ल सुधार के प्रोजेक्ट में केवल तीन देसी नस्ल की भैंस को शामिल किया गया है। जिसमें मुर्रा, जबाराबादी और भदावरी प्रजाति की भैंस शामिल है। पहले चरण में केवल मुर्रा बफेलो बुल के सीमन का सेक्स सार्टेड किया जा रहा है।

अपग्रेड नस्ल की भैंस 20 लीटर तक दूध देगी उन्होंने कहा कि प्रदेश अब दूसरी श्वेत क्रांति की तैयारी कर रहा है। ब्राजील ने भारत से देसी नस्ल के पशुओं को ले जाकर नस्ल सुधारते हुए दूध उत्पादकता को ब?ाया है। वहां पर गाय का 20 से 54 लीटर दूध देने तक का रिकॉर्ड दर्ज है। अब निगम भी उसकी तर्ज पर नस्ल सुधार कार्यक्रम के तहत काम कर रहा है।पहले चरण में मुर्रा भैंस की नस्ल को सुधारा जा रहा है। अभी मुर्रा भैंस एक दिन में 8 से 10 लीटर दूध देती है। अपग्रेड नस्ल की मुर्रा भैंस 18 से 20 लीटर दूध देगी। वहीं मुर्रा बफेलो बुल के सीमन से अवर्णित भैंस प्रजाति एवं ग्रेडेड मुर्रा (शंकर प्रजाति) की 5 से 8 लीटर दूध देने वाले भैंस 12 से 15 लीटर दूध देगी। भदौरिया का कहना है कि गायों के सफल प्रोजेक्ट के बाद अब भैंसों की नस्ल को सुधारने और सेक्स सार्टेड सीमन का प्रयोग किया जाएगा। सेक्स सार्टेड सीमन तकनीक का उपयोग करके पशुपालक कृत्रिम गर्भाधान कर सकते हैं। इस तकनीक के प्रयोग से केवल फीमेल कॉफ पैदा करके पशुपालक दूध उत्पादकता के चक्र को रेगुलेट कर सकते हैं।

हरियाणा की नस्ल है मुर्रा

निगम के डॉक्टर आनंद सिंह कुशवाहा ने बताया कि मुर्रा भैंस विशुद्ध हरियाणवी प्रजाति की है। इसको तैयार करने में 35 साल से अधिक का समय लगा है। अब न केवल इसकी नस्ल को और अवर्णित भैंस प्रजाति एवं ग्रेडेड मुर्रा (शंकर प्रजाति) की भैंस नस्ल को भी सुधारा जाएगा।

तीन हजार किलो महुआ लहान और 40 लीटर कच्ची शराब जब्त

भोपाल यशभारत। राजधानी के गांधी नगर नई बस्ती क्षेत्र में आबकारी विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई के बाद भी हाथ भट्टी से अवैध शराब बनाने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। जबकि बीते एक वर्ष में यहां आबकारी विभाग के अमले ने 200 से अधिक प्रकरण दर्ज किए हैं। सोमवार को आबकारी विभाग ने एक बार फिश्र यहां छापामार तीन हजार किलोग्राम महुआ लहान और 40 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की है। इस दौरान अवैध शराब निर्माण करने पर 15 प्रकरण भी दर्ज किए गए हैं।

आबकारी कंट्रोलर सजेंद्र मोरी ने बताया कि कलेक्टर अविनाश लवानिया और सहायक आयुक्त आबकारी राकेश कुर्मी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। सोमवार सुबह आबकारी की टीम गांधीनगर क्षेत्र में पहुंची। इस दौरान कई घरों में महिलाएं शराब के साथ मिली। कंट्रोलर मोरी ने बताया कि मध्यप्रदेश आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 15 प्रकरण दर्ज किए गए। यहां महुआ लहान और कच्ची शराब के साथ हाथ भट्टी भी जब?त की गई। यहां शराब से भरे ड्रम और केन मिट्टी के गड्?ढों में छिपाकर रखे थे। वहीं, घरों में भी बोतलों में शराब भरकर रखी थी। अमले ने शराब जब्त करने के बाद उसे नाले में बहा दिया।

अन्ना नगर में हो रही थी देशी मदिरा की अवैध बिक्री

अधिकारियों ने बताया कि भेल क्षेत्र के अन्ना नगर और शाहजहांनाबाद क्षेत्र में भी देशी शराब के अवैध बिक्री की शिकायत मिली थी। जिसके बाद यहां कार्रवाई की गई। अन्ना नगर में एक नाबालिग देशी शराब के पाव बेचते हुए पकड़ाया है। वहीं मुख्य आरोपी टीम को देखकर मौके से फरार हो गया। सजेंद्र मोरी ने बताया कि यहां अमित जायसवाल नाम का आदतन अपराधी है। यह बीते कुछ वर्षों से यहां देशी शराब की अवैध बिक्री करवा रहा है। सामने नाबालिग लड़कों को खड़ा कर देता है, जिससे मौके पर पकड़ा नहीं जता है। वहीं शाहजहांनाबाद में भी अवैध बिक्रय करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

इस महीने से लग सकता है करंट का झटका बिजली बिलों में बढ़ोतरी के लिए रहिए तैयार

भोपाल,यशभारत। एमपी के लोगों को इस महीने करंट का झटका लग सकता है। जो उपभोक्ता 200 यूनिट बिजली का उपयोग करते हैं, उनका बिल इस महीने से 70 रुपये से अधिक बढ़ जाएगा। ईंधन लागत के नाम पर जो पिछली तिमाही तक 20 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिल किया जा रहा था, उसे बढ़ाकर 34 पैसे प्रति यूनिट कर दिया गया है। मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड में चालू तिमाही के लिए 34 पैसे प्रति यूनिट की दर से ईंधन लागत शुल्क के लिए एमपीईआसी की स्वीकृति के संबंध में तीनों डिस्कॉम को सूचित कर दिया है। इस प्रकार, टैरिफ में

यह वृद्धि एक जनवरी, 2023 से खपत की गई उर्जा पर लागू होगी। दरअसल, कोयले और तेल जैसे ईंधन की लागत में वृद्धि के कारण उर्जा की लागत में वृद्धि को कम करने के लिए डिस्कॉम को ईंधन लागत समायोजन की अनुमति है। सेवानिवृत अभियंता राजेंद्र अग्रवाल ने हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि मुझे लगता है कि एफसीए के कारण टैरिफ में वृद्धि के संबंध में अधिक पारदर्शिता चाहिए। उपभोक्ताओं को मौजूदा प्रक्रिया के विपरीत कारणों के साथ-साथ बढ़ोतरी के बारे में उचित रूप से सूचित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम खुद को आंतरिक रूप से सूचित करते हैं और उपभोक्ताओं को इस तथ्य की जानकारी भी नहीं होती है कि उनकी बिजली बिल में बढ़ोतरी हुई है। गौरतलब है कि यह चल रही एआरआर याचिका से अलग है, जो नियामक के विचाराधीन है। टैरिफ संशोधन में, डिस्कॉम ने 3.2 की टैरिफ वृद्धि की मांग की है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुमानित राजस्व में अंतर 1527 करोड़ रुपये का है।

कुख्यात बदमाश जुबैर मौलाना के एक साल तक दो और चार पहिया वाहन के चलाने पर पाबंदी

भोपाल, यशभारत। राजधानी में आतंक और उपद्रव का पर्याय बन चुके कुख्यात बदमाश जुबैर मौलाना को इस बार चार पहिया वाहन पर खड़े होकर स्टंट करना महंगा पड़ गया। पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर ने आरोपित के खिलाफ अपने न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरण की सुनवाई करते हुए। कुख्यात बदमाश को किसी प्रकार के निजी दो और चार पहिया चलाने और उसकी सवारी करने से प्रतिबंधित कर दिया। 10 जनवरी 2023 से वह किसी भी निजी दो पहिया और चार पहिया वाहन को न तो चला पाएगा और ना ही उसकी सवारी करने के लिए बैठ पाएगा। एक साल की अवधि तक जुबैर मौलाना एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए सार्वजानिक ट्रांसपोर्ट की बस या एंबुलेंस और तीन पहिया आटो रिक्शा का इस्तेमाल ही कर सकेगा। उसने अगर इस दौरान उसे निजी वाहन चलाते देखा जाता तो न्यायायीन आदेश के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार कर सेंट्रल जेल भेज दिया जाएगा। बता दे कि ऐशबागा थाना प्रभारी चतुर्भुज राठौर के प्रतिवेदन पर हुई सुनवाई के दौरान जुबैर मौलाना के अधिवक्ता ने पुलिस आयुक्त के सामने तर्क प्रस्तुत किए कि पुरानी दुश्मनी के चलते एक पक्ष के लोग उसे बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस की तरफ से प्रस्तुत सबूत और पुराने गंभीर आपराधिक मामलों की जानकारी के बाद यह साबित हुआ कि आरोपित एक आदतन अपराध करने वाला व्यक्ति है और कानून के प्रति उसके मन में किसी प्रकार का कोई सम्मान नहीं है। पुलिस आयुक्त न्यायालय ने आरोपित के खिलाफ आदेश जारी करते हुए भोपाल के सभी थाना के प्रभारियों को आदेश के पालन के लिए पाबंद किया गया है।

बोरों में धान कम भूसा ज्यादा... केंद्र प्रभारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर और सर्वेयर पर FIR

भोपाल, यशभारत। सागर के केसली में धान की खरीदी को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है। जिसमें जांच के दौरान दिगम्बर स्व-सहायता समूह के धान खरीदी केंद्र पर रखी धान की बोरियों में भूसे की मात्रा ज्यादा मिली है। मामले में शिकायत पर केसली थाना पुलिस ने धान खरीदी केंद्र प्रभारी मीना पति नरेंद्र जैन, कम्प्यूटर ऑपरेटर विवेक जैन और सर्वेयर प्रशांत सेन के खिलाफ धोखाध ?ी समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

बताया जाता है कि केसली के दिगम्बर स्व-सहायता समूह के धान खरीदी केंद्र पर धान खरीदी में अनियमितताओं की शिकायत मिली थी। जिस पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पलक खरे ने तहसलीदार और टीम के साथ केंद्र की जांच की। जांच में केंद्र पर 35 हजार धान की बोरियां मिली। इन धान की बोरियों में धान कम और धान की भूसी ज्यादा भरी थी। 40 किलो धान की बोरी की तुलाई हुई तो उसका वजन महज 15 से 20 किलोग्राम ही निकला।

वहीं, नागरिक आपूर्ति निगम से केंद्र को कुल 27500 बारदाने खरीदी के लिए दिए गए थे और केंद्र पर करीब 35 हजार बारदाने धान से भरे हुए मिले। इस प्रकार केंद्र पर तय बारदानों से 14565 अधिक बारदानों में धान तौल कर रखी मिली है। इसके अलावा कुछ बारदानों में धान का परिवहन किया गया। जांच में सामने आया कि केंद्र को कुल 27500 बारदान खरीदी के लिए दिए गए थे। लेकिन केंद्र द्वारा 50475 बारदानों का उपयोग किया गया। केंद्र द्वारा 22975 नग बारदानें अन्य अनाधिकृत माध्यम से प्राप्त किए गए हैं। मामले में केंद्र पर अमानक स्तर की धान खरीदी की गई है।

जांच के दौरान मोबाइल बंद कर भाग गए कर्मचारी

धान खरीदी केंद्र पर जब अफसर जांच के लिए पहुंचे तो उन्हें देखकर केंद्र प्रभारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर और सर्वेयर मौके से भाग गए थे। उन्होंने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया था। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों ने केसली थाना पुलिस को मौके पर बुलाया और धान खरीदी केंद्र की जांच की थी। जांच में मिली अनियमितताओं और किसानों से अमानक स्तर की धान खरीदने को लेकर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पलक खरे ने केसली थाने में शिकायती आवेदन दिया। शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धान खरीदी केंद्र की प्रभारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर और सर्वेयर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

कटनी से इलाहाबाद तथा मुंबई आने -जाने वाली ट्रेनें प्रभावित

कोहरे ने थामी ट्रेनों की रफ्तार कई घंटे लेट चल रही रेलगाड़ियां

कटनी, यशभारत। कटनी में मौसमी बदलाव ने सभी चीजों पर असर डाला है। देर रात से गिरने वाला कोहरा आम जनजीवन के साथ ही ट्रेनों की रफ्तार को भी घटा रहा है। कोहरे की वजह से सुबह नौ बजे के बाद तक रेलवे ट्रेक पर दृश्यता बहुत कम पाई जा रही है। इस वजह से सुबह धूप निकलने तक गाड़ियां रेंग रेंगकर चल रही हैं। शनिवार को भी कोहरे का ट्रेनों की आवाजाही पर प्रतिकूल असर दिखाई दिया। अप और डाउन दोनों दिशाओं की गाड़ियां बहुत धीमी रफ्तार से चलीं। इसकी वजह से न केवल यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए समय अधिक खर्च करना पड़ा, बल्कि ठंड की वजह से उनको घंटों ट्रेन में ठंडी हवाओं के थपेड़े भी सहना पड़े। रेलवे ट्रेक पर सुबह चार बजे से सात बजे तक दृश्यता बहुत कम रही। 100 मीटर दूर की भी चीजें बहुत स्पष्ट नहीं दिखाई पड़ रही थीं। जैसे-जैसे सूर्य देवता प्रकट हुए वैसे-वैसे के कोहरे का असर कम हुआ। सुबह 10 बजे के बाद जब मौसम पूरी तरह से साफ हो गया तब कहीं ट्रेनों ने गति पकड़ना शुरू की।

सतना की ओर से आने वाली	इटारसी से आने वाली
11118 इटारसी पैसेंजर- 4	15017-काशी एक्स. -2
15205 चित्रकूट एक्स.- 5	11055 गोदान एक्स. -2
12166 मुंबई सुफा- 4	82356 सुविधा एक्स. -3
11082 मुंबई वीकली- 4	11061 पवन एक्स. -2
12540 यशवंतपुर सुफा-4	12191 श्रीधाम सुफा -1
12296 संघमित्रा सुफा -3	012791 दानापुर सुफा -2
12190 महाकोशल -3	02188 रीवा स्पे. फेयर-5
522351 बैंगलुरू सुफा -3	12293 प्रयागराज दूरंतो-1
22182 गोंडवाना सुफा-6	13201 जनता एक्स. -2
12182- दयोदया सुफा-3	18610 रांची साप्ताहिक-2

पिछडा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को विदेश में इंटर्नशिप हेतु 20 तक आवेदन आमंत्रित

कटनी, यशभारत। जिले में स्थित शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था एवं पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के पिछड़ा वर्ग के युवक एंव युवतियां जो शैक्षणिक सत्र 2021-22 में उत्तीर्ण हो चुके है उन्हें इंटर्नशिप हेतु जापान में मांग के अनुसार ट्रेड मैन्युफैक्चारिंग, कंस्ट्रक्शन, हॉस्पिटलिटी केयर वर्कर और कृषि विषयों में आईटीआई और डिप्लोमाधारी अभ्यर्थियों से दिनांक 20 जनवरी तक आवदेन आमंत्रित किये गये है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 20 जनवरी तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन कार्यालय सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण जिला कटनी अथवा कार्यालय संचालक राज्य स्तरीय रोजगार एवं प्रशिक्षण केन्द्र पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग भोपाल को डाक अथवा ई-मेल द्वारा जमा कर सकते है। अधिक एवं विस्तृत जानकारी विभाग के वेबसाइट पर उपलब्ध है एवं कार्यालय सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण जिला कटनी में भी संपर्क किया जा सकता है।

व्यापारी वर्ग के लिए होगी शुभ

दक्षिण दिशा से वाराह पर सवार होकर आएगी मकर संक्रांति

कटनी, यशभारत। इस बार मकर संक्रांति पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। ज्योतिर्विदों के अनुसार संक्रांति दक्षिण दिशा से वाराह पर सवार होकर आ रही हैं। यह व्यापारी वर्ग के लिए शुभ फलदायी होगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार सूर्य का मकर राशि में प्रवेश 14 जनवरी की रात के तीसरे पहर में होगा। इसलिए 15 जनवरी को ही संक्रांति का संक्रमण काल होगा। इसी दिन संक्रांति की पूजा व स्नान-दान होंगे।

ज्योतिषाचार्य अनंतराम शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष मकर संक्रांति का आगमन दक्षिण दिशा से वाराह वाहन पर सवार होकर होगा। हाथ में श्वेत फूल लिए संक्रांति का उप वाहन वृषभ (बैल) होगा।

संक्रांति हरित वस्त्र धारण कर चंदन का लेप लगाए हाथ में ताम्र पात्र लिए होंगी। उन्होंने बताया कि इस बार संक्रांति भिक्षान्न ग्रहण करती हुई आएंगी। मान्यता के अनुसार इसका अर्थ है कि कृषि उत्पादन इस वर्ष भरपूर होगा। संक्रांति का गमन उत्तर दिशा की ओर होगा जो उत्तर भारत के लिए विशेष शुभ फलदायी होगा।

14 की रात मकर राशि में प्रवेश करेंगे सूर्यदेव

पंडित अनंतराम शास्त्री के अनुसार सूर्य का मकर राशि में संक्रमण 14 जनवरी को रात के चौथे पहर में 3:10 बजे होगा। इसलिए दूसरे दिन 15 जनवरी रविवार को ही इसका पुण्यकाल माना जाएगा। उन्होंने बताया कि संक्रांति वाले दिन सुकर्म योग भी बन रहा है जो विशेष शुभफलदायी है। संक्रांति का वाहन वाराह होने से सूर्य की किरणें तेज होती हैं। यज्ञ, धर्म, धार्मिक उत्सव आदि अधिक होते हैं।

महापौर ने कहा - जल्द शुरू होगें विकास कार्य

स्थानीय पार्षद व जनता की मांगों पर महापौर ने दिया आश्वासन

कटनी,यशभारत। कटनी नगर पालिक निगम की जनता महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शहर के नेहरू वार्ड क्रमांक 28 पहुंची जहाँ पर वार्ड के लोकप्रिय पार्षद शशिकांत तिवारी व स्थानीय देवतुल्य जनता जनार्दन के साथ भ्रमण कर उनके ध्यानाकर्षण पर महापौर ने जरूरी मूलभूत सुविधाएं सड़क पानी नाली विद्युत व्यवस्था में सुधार व अन्य कार्यों की जल्द सौगात देने आश्वासत किया महापौर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जल्द विकास कार्यों की कार्यवाही सुनिश्चित करने निर्देशत किया महापौर ने कहा कि शहर का विकास दलगत राजनीति से उठकर किया जाएगा हमारा मुख्य ध्येय जनता की कसोटी पर खरा उतरना है पार्षद द्वारा मुख्य रूप से हाउसिंग बोर्ड कालौनी हनुमान मंदिर के पास गेट का निर्माण साथ ही फुटकर सब्जी फल विक्रेताओं को सुविधानुसार जगह एवं हाट बजार निर्माण सुविधायुक्त चौपाटी सुलभकाम्प्लेक्स के पास बड़ा नाला का निर्माण इंदिरा गांधी कालोनी बजरंग नगर नेपाली मुहल्ला तथा खेरमाई के पास सड़क एवं नाली निर्माण की मांग प्रमुख रूप से रखी गई जिसे महापौर द्वारा सहर्ष स्वीकृति दिलाने उपस्थित आमजन को आश्वासत किया इस दौरान पूर्व ननि अध्यक्ष एमआईसी सदस्य संतोष शुक्ला डाग्रमेश सोनी अवकाश जयसवाल बीना बैनर्जी पार्षद सीमा श्रीवास्तव शकुंतला सोनी सुभाष साहू पूर्व पार्षद राजू मखीजा नरेश अग्रवाल सहित स्थानीय पिंकी जैन डब्बू दुग्गल मुकेश गुप्ता विनोद तिवारी सुधीर बाजपेयी अंशुल तिवारी रामजी कुररिया रघुनाथ बर्मन व नगर निगम अधिकारियों में आदेश जैन सुनील सिंह उपस्थित रहे।

थर्ड जेंडर के 34 मतदाता भी हैं लिस्ट में, 25 हजार से अधिक युवा वोटर

जितने घटे उससे डबल बढ़े नए मतदाता

कटनी, यशभारत। कटनी में आबादी तेजी से बढ़ रही है। भले ही जनगणना का काम नहीं हुआ लेकिन मतदाताओं की बढ़ती संख्या से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कटनी में जनसंख्या के साथ तेजी से क्षेत्रीय बसाहट भी बढ़ी है। कटनी में बीते दिनों करीब 32 हजार नए मतदाता जोड़ गए जो हटाए गए मतदाता की संख्या में दोगुने थे। आपको बता दें कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस भी होता है जिसमें नए मतदाताओं को वोटर आई डी दी जातीं हैं। इस कार्य के पहले मतदाता सूची की पुनरिक्षिण किया जाता है जो विगत दिनों किया गया था। जिला निवार्चन कार्यालय द्वारा गत दिवस फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन गुरुवार को किया गया। प्रकाशित मतदाता सूची में अब जिले में मतदाताओं की संख्या 9.66 लाख पहुंच गई है, जबकि दो माह पूर्व 9 नवंबर 22 तक यह आकड़ा 9.47 लाख था। सूची के अनुसार जिले में 40 दिन में मतदाता सूची से 13286 नाम हटाए गए हैं, जबकि 32 हजार 222 नवीन मतदाता

जोड़े गए हैं। जिले मे कुल 966530 मतदाता है जिसमें पुरूष मतदाता 496143, महिला मतदाता 470353 तथा थर्ड जेंडर के मतदाता कुल 34 है। मतदाताओं का जेंडर रेसियो 948.2 है। जानकारी के अनुसार जिले में सबसे अधिक मतदाता बड़वारा विधानसभा में हैं, यहां मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 48 हजार 961 है, जबकि विधानसभा वार सबसे कम मतदाता विजयराघवगढ़ में दर्ज किए गए हैं। यहां मतदाताओं का आकड़ा 2 लाख 30 हजार 751 पहुंचा है।

18-19 आयु वर्ग के 25 हजार युवा बने वोटर

18-19 आयु वर्ग के नाम जोडने के लिए तय किए गए लक्ष्य से बढ़कर नाम जोड़ गए हैं। सूची के अनुसार जिलेभर में 25 हजार 416 युवा वोटर बने हैं। इनमें बड़वारा में 8072, विजयराघवगढ़ 6044, मुड़वारा 4585 व बहोरीबंद में 6715 युवा मतदाता बने हैं और इन्हें मतदाता सूची में जोड़ा गया है। जानकारी के अनुसार नवीन नाम जोडने के लिए कुल लक्ष्य 30000 निर्धारित था जिसमे 32222 मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है। नवीन नाम जोडनें का प्रतिशत 107.41 है।

राजनीतिक दलों के सदस्यों ने दिए सुझाव

फोटो निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के तहत राजनैतिक दलों के साथ बैठक का कार्यालय कलेक्टर के सभाकक्ष में आयोजन किया गया। बैठक में जिले मे विधानसभा वार मतदान केंद्र एवं मतदाताओं की जानकारी दी। मतदाता सूची की हार्डकापी एवं साफ्टकापी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को देने की जानकारी से अवगत कराया गया।

जिस परिवार में नारी शिक्षित होती है वह परिवार भी शिक्षित होता- महापौर

मौर्य कुशवाहा समाज कल्याण समिति ने मनाया नववर्ष मिलन समारोह

कटनी,यशभारत। मौर्य कुशवाहा समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में 8 जनवरी को बजरंग कॉलोनी एनकेजे में माता सावित्री बाई फुले जयंती एवम नववर्ष मिलन समारोह वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कटनी नगर पालिका निगम की महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, विशिष्ट अतिथि डॉ.विक्रम पटेल, एवम कु. समिता मौर्य विकास अधिकारी मैहर रहीं। श्रीमती सूरी ने माता सावित्री बाई द्वारा किए गए संघर्षों को खूब सराहा, सभी महिलाओं से आह्वान किया, कि पढ़ी लिखी महिलाएं आगे आएं और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चियों को पढ़ने में मदद करें, उपस्थित पुरुष वर्ग को भी ज्योतिवा राव फुले से सीख लेने का आह्वान किया और बताया की जिस परिवार में नारी शिक्षित होती है, वह परिवार भी शिक्षित होता है। कु. समिता मौर्य ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा की जैसे भीम राव अंबेडकर जी में प्रतिभा को देख कर साहूजी महराज ने उन्हें पढ़ाई के लिए विदेश भेजने में सहायता की थी, उसी तरह हमारे समाज को भी आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान बालक बालिकाओं को पढ़ाने के लिए आगे आना होगा। समाज की महिला विंग की अध्यक्षा माया मौर्य ने आमजनों को शिक्षा के महत्व सहित आंतरिक व सामाजिक कुरीतियों को दूर करने एवम आपसी एकता को बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन कार्यभार एपी मौर्य व सम्राट संतोष मौर्य ने संभाला, समिति का लेखा जोखा कोषाध्यक्ष दिनेश मौर्य पेश किया। समिति के उपाध्यक्ष ब्रिज बिहारी कुशवाहा ने पंडाल की व्यवस्था का कार्य बखूबी से निभाया। इसके अतिरिक्त सीपी मौर्य, अखिलेश कुशवाहा, मनोज निराला, अशोक पटेल, राजीव कुमार सिंह, रमेश मौर्य, महेंद्र मौर्य, तेजराम कुशवाहा, दातादीन मौर्य, भीमसेन मौर्य, विजय मौर्य, विजय सिंह मौर्य महिला विंग से ज्ञांति मौर्य, कामनी मौर्य, सुषमा मौर्य, प्रीति सिंह, बबिता कुमारी, मिथलेश मौर्य व सभी महिला शक्ति व परिवार जानो सहित उक्त लोगो की उपस्थिति भी समारोह में रही।

सैनी माली विकास समिति ने किया महा आरती एवं हवन का आयोजन

कटनी यशभारत। सैनी माली विकास समिति के द्वारा चंडिका माता मंदिर बरखेड़ा रोड बिलहरी में महा आरती एवं हवन आयोजन रखा गया जिसमें उपस्थिति पूज्य संत आदरणीय श्री श्री 108 सतना सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर दक्षिण मुखी के पुजारी एवं कटनी शहर के उद्योगपति आदरणीय पवन मित्तल जी कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष गुमान सिंह जी एवं वरिष्ठ रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सक्रिय समिति के सदस्य आदरणीय संदीप सैनी जगदंबा प्रसाद सैनी जी अंकित सैनी जी एवं सैनी परिवार बिलहरी की ओर से कार्यक्रम को सुचारू रूप से किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मथुरा प्रसाद सैनी, जिलासचिव राहुल बढ़ोलिया, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सैनी, मिडिया प्रभारी राकेश सैनी, संरक्षक मेवालाल सैनी, समाज सदस्य विवेक बढ़ोलिया, ब्रजेन्द्र सैनी राजेश सैनी, प्रदीप सैनी, विक्की, जीतेन्द्र सैनी प्रदीप (पुजारी सैनी संदीप सैनी जगदम्बा) सैनी अंकित सैन, विक्रांत सैनी, सत्यम सैनी, शिवम् सैनी, अनमोल सैनी, राजकुमार सैनी, आकाश सैनी, अजित सैनी, पप्पू सैनी, टोनी माली, आशीष सैनी, परषोत्तम सैनी, अंशुल सैनी, अनमोल सैनी, मिंटू सैनी, अनुज सैनी, अनुराग सैनी, राजू माली, मधु सैनी, रानी माली, पूनम माली, मैत्री सैनी, अनीता सैनी आशा सैनी पूनम सैनी, नीता सैनी अंशी सैनी परी माली राजकुमारी सैनी प्रियंका सैनी एवं उपस्थित ग्राम शहर से आए हुए भक्तगण सम्मानित सैनी माली समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

रैन बसेरा पहुंचकर व्यस्थाओं का लिया जायजा

कटनी,यशभारत। कटनी नगर पालिक निगम की जनता महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए नगर पालिक निगम द्वारा संचालित रैन बसेरा एवं क्रतिका कला केन्द्र पहुंचकर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संतोष जाहिर किया गौरतलब है कि गत सप्ताह महापौर प्रीति संजीव सूरी कलेक्टर अवि प्रसाद आयुक्त सतेंद्र सिंह धाकरे के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाओ को लेकर महापौर द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये थे इसी क्रम में महापौर द्वारा एक बार फिर रैन बसेरा एवं क्रतिका कला केन्द्र पहुचकर व्यस्थाओं का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओ में हुए सुधार को लेकर संतोष व्यक्त किया महापौर ने कहा कि भोजन बिजली और बिस्तरों की साफसफाई में कोई कमी नहीं रहना चाहिए इस दौरान निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एमआईसी सदस्य बीना बैनर्जी पार्षद सीमा श्रीवास्तव श्रीमती शकुंतला सोनी प्रभा गुप्ता गोविन्द चावला सरला मिश्रा सुमित्रा रावत सुशीला कोल समाजसेवी राजू शर्मा उपस्थित रहे।

शिविर में 300 लोगों की आंखों का चेकअप

कटनी,यशभारत। ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में हर महीने की 9 तारीख को आयोजित होने वाले नेत्र शिविर में कल भी चैकअप किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर ब्राह्मण के अध्यक्ष राजू शर्मा उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश दीक्षित उपाध्यक्ष बिल्लू शर्मा, कोषाध्यक्ष विक्रांत शर्मा, चित्रकूट से आशीष तिवारी, भानु प्रताप सिंह, विजय पांडे, के के गौतम के द्वारा पूजन करके शिविर का शुभारंभ किया गया । शिविर में लगभग 300 लोगों की आंखों का चेकअप किया गया। जिसमें 50 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया। अगले महीने फरवरी वाले नेत्र शिविर में शुगर के मरीजों के आंख के पर्दे की जांच नि:शुल्क की जाएगी।

शिक्षक संगठन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

लगातार 9 वर्षों से चल रही है परम्परा

कटनी,यशभारत। शासकीय शिक्षक संगठन जिला कटनी का नववर्ष मिलन समारोह एवं सहभोज काली मंदिर प्रांगण में हजारों साथियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। लगातार 09 वर्षों से चल रही इस आयोजन की परम्परा में माँ काली का पूजन, संगठन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन एवं सहभोज का आयोजन होता है। इस वर्ष शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित उक्त आयोजन में अतिथि के रूप में दीपक टण्डन जिला भाजपा अध्यक्ष मनीष पाठक अध्यक्ष नगर निगम कटनी, अशोक विश्वकर्मा सभापति शिक्षा समिति एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत कटनी जिला भाजपा उपाध्यक्ष द्वय सुनील उपाध्याय एवं मृदुल द्विवेदी, नगर निगम कटनी के पूर्व अध्यक्ष संतोष शुक्ला, संगठन के जिला संरक्षक श्री अतुल तिवारीए जिला पंचायत कटनी के सदस्य गण पप्पू मिश्रा एवं अखिल पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष दुबे, पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता श्रीमती ज्योति विनय दीक्षित, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता रंगलाल पटेल, राजू शर्मा अध्यक्ष ब्राम्हण समाज कटनी, प्रशांत जयसवाल पूर्व पार्षद सहित अनेक सम्मानीय जनपद सदस्य एवं सरपंच सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल रहे। कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र तिवारी एवं शासकीय शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष रजनीश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के पदाधिकारी एवं आचार्यगण पंडित संदीप मिश्राए पंडित श्रीकांत द्विवेदी, पंडित बालमुकुंद त्रिपाठी के स्वस्तिवाचन एवं मंत्रोच्चार के बीच आध्यात्मिक माहौल में प्रारंभ होने वाले आत्मीयता से परिपूर्ण इस आयोजन का उद्देश्य एक पवित्र वातावरण में अंग्रेजी नववर्ष की शुरुआत करना है। इस आयोजन में प्रांतीय संगठन मंत्री मनीष सिंह गौतम, प्रांतीय उपाध्यक्ष जगत पटेल, बिजेंद्र तिवारी सहित शासकीय शिक्षक संगठन की जिला शाखा के शैलेंद्र खम्परिया, मनीष सोनी, अरुण सिंह परिहार, अनिल परौहा, बालमुकुंद त्रिपाठी, पूर्व डीपीसी एनपी दुबे, पूर्व एपीसी विनय दुबे, बीआरसी मनोज गोतम, शिवनाथ रजक, हरीश दुबे, राजा सोनकर, मनरमन पांडे अनिता यादव, माधुरी तिवारी, दीपा सिंह, स्वाती नायक, मीना शुक्ला, सपना चतुर्वेदी, अनुपमा गुप्ता, गीता मिश्रा, रुक्मणि तिवारी, मधु सकवार, रजनी परिहार, सत्या मिश्रा, सीमा चौबे, मूरत सिंह, गंगाराम पटेल, दीपक नामदेव, अजय उपाध्याय, संदीप मिश्रा, सुनील तिवारी, कल्याण तिवारी, वीरेंद्र गौतम, संतोष पाल, के के द्विवेदी, अतुल अवस्थी आदि पदाधिकारी सहित हजारों साथी सम्मिलित हुए।

आईपीएल से बाहर होने पर भी पंत को नुकसान नहीं

दिल्ली कैपिटल्स से मिलेंगे 16 करोड़ रुपये और सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट के 6 करोड़ रुपये BCCI देगी

नई दिल्ली, ईएमएस। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की सर्जरी हो चुकी है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, उन्हें वापसी में 6 से 9 महीने लग सकते हैं, यानी वे IPL के इस साल के सीजन में खेलते हुए नहीं दिखेंगे। इसके बावजूद उन्हें पूरी सैलरी मिलेगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पंत को 16 करोड़ रुपए में रिटेन किया था और उन्हें IPL में न खेलने के बाद भी पूरी राशि मिलेगी, हालांकि यह राशि फ्रेंचाइजी नहीं बल्कि BCCI देगा।

BCCI पंत को क्यों करेगा IPL राशि का भुगतान

दरअसल पंत BCCI के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट ए में रखा गया है। इस लिस्ट के खिलाड़ियों को 5 करोड़ रुपये मिलते हैं। BCCI इस राशि के साथ ही उन्हें IPL टीम दिल्ली कैपिटल्स से मिलने वाली सैलरी को न खेलने के बावजूद भी भुगतान करेगी, क्योंकि बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल सभी खिलाड़ियों का बीमा करवाया है। बीसीसीआईनियमों के मुताबिक , चोट के कारण IPL से बाहर होने की स्थिति में इन खिलाड़ियों को IPL टीम नहीं बल्कि, बोर्ड की ओर से पूरा भुगतान किया जाता है। बोर्ड को बीमा कंपनी भुगतान करती है।

दीपक चाहर को मिल चुका है भुगतान

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दीपक चाहर को IPLमें नहीं खेलने के बावजूद भी 2022 में BCCI ने IPL की ओर से मिलने वाली राशि का भुगतान किया था। दीपक चाहर IPL 2022 में चेन्नई सुपर किंग्स टीम के सदस्य थे। उन्हें चेन्नई ने 14 करोड़ में खरीदा था। पर IPLशुरू होने से पहले उन्हें चोट लग गई थी।

IPL टीम की ओर से खिलाड़ी के भुगतान कब करती है?

IPL टीम सीजन शुरू होने से पहले कैंप में शामिल होने पर खिलाड़ी को उसके कॉन्ट्रैक्ट का 50 प्रतिशत राशि का भुगता करती है। आधे मैच खेलने के बाद बची हुई राशि का 30 प्रतिशत उन्हें देना होता है। बाकी के 20 प्रतिशत का भुगतान मैच खत्म होने या उससे पहले IPL टीम खिलाड़ी मैचुअल अंडरस्टैंडिंग के आधार पर देती है।

मुंबई में ऋषभ पंत के घुटने की हो चुकी है सर्जरी

कार एक्सीडेंट में चोटिल हुए ऋषभ पंत के घुटने के लिगामेंट की सफल सर्जरी पिछले हफ्ते शुक्रवार हो हुई। वह अभी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। पंत का इलाज मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में चल रहा है। पंत का ऑपरेशन अस्पताल के स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड ऑर्थोस्कोपी हेड डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला ने किया। ऑपरेशन 3 घंटे तक चला। पिछले हफ्ते तक बुधवार को पंत को देहरादून के मैक्स अस्पताल से मुंबई शिफ्ट किया गया था।

7 बड़े टूर्नामेंट मिस कर सकते हैं

एक्सीडेंट में पंत के सिर, घुटने और टखने पर चोट आई थी। उनके घुटने के 3 लिगामेंट के टूटने की बात सामने आई थी। ऐसे में उनकी रिकवरी में समय लग सकता है। BCCI के एक अधिकारी ने बताया कि पंत वर्ल्ड कप सहित 7 बड़े टूर्नामेंट मिस कर सकते हैं। इनमें जनवरी-फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज, मार्च-अप्रैल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज, अप्रैल-मई में IPL, जून में टेस्ट चैंपियनशिप (भारत फाइनल के लिए क्वालिफाई करता है तो), जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे के अलावा सितंबर में एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप शामिल हैं। वे IPL में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान हैं। उनकी जगह ऑस्ट्रेलिया के वॉर्नर कमान संभाल सकते हैं।

घर जाते वक्त 30 दिसंबर को हुआ था एक्सीडेंट

30 दिसंबर पंत की कार एक हादसे का शिकार हो गई थी। वे दिल्ली से देहरादून अपनी मां से मिलने जा रहे थे। उनकी मर्सिडीज अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिसके बाद उसमें आग लग गई और पलट गई। एक्सीडेंट के बाद पंत जलती हुई कार की खिड़की तोड़कर खुद ही बाहर निकले। लोग बचाने पहुंचे तो बोले- मैं ऋषभ पंत हूं। उन्हें सिर, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस के मुताबिक, झपकी लगने से यह हादसा हुआ था।

ऋषभ पंत को एयरलिफ्ट कर मुंबई लाया गया

सड़क हादसे में घायल क्रिकेटर ऋषभ पंत को आज देहरादून से एयरलिफ्ट कर मुंबई ले लाया गया। यहां कोकिलाबेन अस्पताल में उनका आगे का इलाज होगा। BCCI ने बयान जारी कर कहा है कि अस्पताल के स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड ऑर्थोस्कोपी हेड डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला की देखरेख में पंत का ट्रीटमेंट होगा। डॉ पारदीवाला इससे पहले सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा जैसे क्रिकेटर्स का इलाज कर चुके हैं।

वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस साल के पहले ग्रैंड स्लैम से बाहर, पैर में चोट लगी, ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं खेलेंगे

सिडनी, एजेंसी। दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन से बाहर हो गए हैं। 19 साल के अल्कराज सबसे कम उम्र में वर्ल्ड नंबर वन पर पहुंचने वाले टेनिस खिलाड़ी हैं। साल का पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन 16 से 29 जनवरी के बीच खेला जाना है। अल्कराज ने शुक्रवार को कहा, सीजन ट्रेनिंग के दौरान मेरे दाहिने पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है। मैंने ऑस्ट्रेलिया ओपन के लिए तैयारी की थी। मैं पेट की चोट की वजह से पहले क्वॉर्टरफाइनल और उसके बाद डेविस कप में नहीं खेल पाया था। मैं ऑस्ट्रेलिया ओपन से नए साल में वापसी करना चाहता था। ट्रेनिंग में मैं बेहतर कर रहा था। दुर्भाग्य से मेरे पैर में चोट लग गई है, जिसकी वजह से मुझे साल के पहले इवेंट से बाहर होना पड़ रहा है। कार्लोस अल्कराज ने पिछले साल स्ओपन के मेंस सिंगल्स के फाइनल में कैस्पर रूड को चार सेट में हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता और सबसे कम उम्र में क्वॉर्टरैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली खिलाड़ी बने। साल 2004 से लेकर 2021 तक फेडरर, नडाल, जोकोविच या एंडी मरे में से ही कोई न कोई साल के अंत में क्वॉर्टनंबर 1 होता था। अल्कराज ने 18 सालों के बाद ये रीति भी बदल दी और

वे नंबर वन पर काबिज हुए। पिछले साल मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में अल्कराज ने जोकोविच को हराया था।

वीनस विलियम्स भी हटीं

अल्कराज के बाद अमेरिकी स्टार वीनस विलियम्स साल के पहले ग्रैंड स्लैंड ऑस्ट्रेलिया ओपन से हट गई हैं। 42 साल की वीनस ने चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने का फैसला लिया है। वीनस की बहन सेरेना पिछले साल संन्यास ले चुकी हैं।

एक ही क्ले-कोर्ट इवेंट में नडाल और जोकोविच को हराने वाले पहले खिलाड़ी बने

अल्कराज ने पिछले साल एक ही क्ले कोर्ट पर नडाल और जोकोविच को हराने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने मैड्रिड ओपन में क्वॉर्टर फाइनल में राफेल नडाल को हराया था। इसके बाद सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया।

राजामौली को मिला सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का खिताब

नई दिल्ली। निर्देशक एसएस राजामौली को उनकी फिल्म आरआरआर के लिए न्यूयॉर्क फिल्म क्रिटिक्स सर्किल में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का खिताब मिला है। भारतीय सिनेमा के लिए ये वाकई एक स्वर्णिम पल है। निर्देशक एसएस राजामौली यहां अपनी पत्नी रामा राजामौली और बेटे एसएस कार्तिकेय के साथ यह सम्मान हासिल करने पहुंचे थे। इस अवॉर्ड को हासिल कर निर्देशक एसएस राजामौली ने भारतीय सिनेमा का स्थान विश्व मंच पर आगे बढ़ाया है। यही नहीं दिलचस्प बात यह है कि इस अवॉर्ड को हासिल करने मंच पर पहुंचे निर्देशक राजामौली को यहां शानदार स्टैंडिंग ओवेशन मिला। फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली को इस दौरान न्यूयॉर्क फिल्म क्रिटिक्स सर्कल अवॉर्ड में स्टैंडिंग ओवेशन मिला। इस दौरान फिल्म निर्देशक ने एक बेहद शानदार विनिंग स्पीच भी दी। फिल्म निर्देशक ने कहा सिनेमा एक मंदिर की तरह है। आरआरआर के साथ मुझे पश्चिम में वैसा ही सम्मान मिला जैसा कि भारतीयों ने दिया। यह मेरे लिए एक खुशी का पल है। जो मैंने इस वक्त यहां महसूस किया। मैं चाहता हूं कि मेरे दर्शक भी यही महसूस करें।

जल्द सात फेरे लेंगे कियारा-सिद्धार्थ!

दोस्त ने किया दावा, कहा- इस दिल्ली के लड़के की शादी होने वाली है

मुंबई, ईएमएस। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी रिलेशनशिप की वजह से सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों जल्द शादी करने वाले हैं। इस बीच सिद्धार्थ का एक वीडियो सामने आया है, जिसे देखने के बाद उनकी शादी की चर्चा फिर से होने लगी है। दरअसल सिद्धार्थ हाल ही में अपनी दोस्त आरती खेत्रीपाल के भाई की शादी में शामिल हुए थे। इस दौरान उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसे देखने के बाद साफ हो गया है कि वो जल्द शादी करने वाले हैं। आरती खेत्रीपाल द्वारा शेयर किए गए वीडियो में सिद्धार्थ स्टेज पर नजर आ रहे हैं। इस दौरान वो कहते हैं कि दिल्ली की शादियों की बात ही अलग होती है। इस बीच उनके बगल में खड़ा शख्स कहता है कि दिल्ली का लड़का जो दुनिया में सबसे ज्यादा हॉट है, उसकी भी शादी होने वाली है। ये बात सुनकर सिद्धार्थ शरमा जाते हैं और स्टेज के पीछे चले जाते हैं।

2023 में हो सकती है कियारा-सिद्धार्थ की शादी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2023 में सिद्धार्थ और कियारा साथ फेरे ले सकते हैं। दोनों ने अपनी शादी के लिए शाही पैलेस चुना है। इतना ही नहीं कपल की शादी में टाइट सिक्योरिटी के इंतजाम भी किए गए हैं, प्री-वेडिंग से लेकर शादी तक सभी फंक्शन पैलेस के अंदर रखे जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राजस्थान के आलीशान जैसलमेर पैलेस होटल में कपल की शादी के फंक्शन होंगे। हालांकि, अभी तक दोनों की शादी को लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है।

कियारा-सिद्धार्थ की शादी की गेस्ट लिस्ट हुई लीक

सिद्धार्थ-कियारा की शादी की गेस्ट लिस्ट कुछ दिनों पहले लीक हो गई थी। इसमें अब तक जिन नामों को कंफर्म किया गया है, वो करण जौहर और अश्विनी यार्डी का है। ये दोनों सिद्धार्थ और कियारा के बहुत करीब हैं। वहीं विक्की कौशल, कटरीना कैफ, वरुण धवन, जैकी भगनानी और उनकी गर्लफ्रेंड रकुल प्रीत सिंह को भी इनवाइट किए जाने की संभावना है।

सिद्धार्थ और कियारा शेरशाह में साथ आ चुके हैं नजर

सिद्धार्थ और कियारा ने 2021 में आई फिल्म शेरशाह में साथ काम किया है। सिद्धार्थ के वर्कफ्रंट की बात करें तो, एक्टर रोहित शेट्टी की सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आएंगे। ये सीरीज अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। वहीं कियारा जल्द ही सत्यप्रेम की कथा में दिखाई देंगी। इस फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी हैं।

नाओमी ओसाका और वीनस विलियम्स ऑस्ट्रेलिया ओपन से बाहर

ओसाका 2 बार की विजेता, वीनस पिछले हफ्ते चोटिल हो गईं थीं

मुंबई, एजेंसी। दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका और वीनस विलियम्स ने चोट की वजह से इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। साल का पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन 16 से 29 जनवरी के बीच खेला जाना है। ओसाका 2019 और 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। ओसाका पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में तीसरे दौर में उलट-फेर की शिकार हुई थी। उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा से 4-6, 6-3, 7-6(5) से हार का सामना करना पड़ा था। ओसाका के हटने से यूक्रेन की दयाना यास्त्रेम्स्का मुख्य ड्रॉ में पहुंच गई हैं।

7 ग्रैंड स्लैम जीत चुकी हैं विलियम्स

42 साल की विलियम्स एक हफ्ते पहले ऑकलैंड में खेले मैच में चोटिल हो गई थी। उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपरन में वाइल्ड कार्ड से एंट्री मिली थी। विलियम्स विमेंस में 7 ग्रैंड स्लैम जीत चुकी हैं। उन्होंने 2001, 2003, 2009 और 2010 में विंबलडन का खिताफ अपने नाम किया था। जबकि 2000 और 2001 में यूएस ओपन का खिताब अपने नाम किया है। हालांकि, वह अब तक ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब नहीं जीत पाई है। वह दो बार 2003 और 2017 में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंची थीं।

अल्कराज एक ही क्ले-कोर्ट इवेंट में नडाल और जोकोविच को हराने वाले पहले खिलाड़ी हैं

दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज भी ऑस्ट्रेलियन ओपन से अपना नाम वापस ले चुके हैं। 19 साल के अल्कराज सबसे कम उम्र में वर्ल्ड नंबर वन पर पहुंचने वाले टेनिस खिलाड़ी हैं। अल्कराज ने शुक्रवार को कहा, च्सीजन ट्रेनिंग के दौरान मेरे दाहिने पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है। मैंने ऑस्ट्रेलिया ओपन के लिए तैयारी की थी। मैं पेट की चोट की वजह से पहले क्वॉर्टरफाइनल और उसके बाद डेविस कप में नहीं खेल पाया था। मैं ऑस्ट्रेलिया ओपन से नए साल में वापसी करना चाहता था। ट्रेनिंग में मैं बेहतर कर रहा था। दुर्भाग्य से मेरे पैर में चोट लग गई है, जिसकी वजह से मुझे साल के पहले इवेंट से बाहर होना पड़ रहा है।

पठान मूवी में शाहरुख को मिलेगा दंबग खान का साथ

नई दिल्ली, एजेंसी। शाहरुख खान की पठान को रिलीज होने में कुछ दिन ही बचे हैं। इसके बाद किंग खान और फिल्म मेकर्स एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं इस हिट कराने के लिए। यशराज फिल्म्स ने हाल ही में घोषणा की थी कि इस स्पाई यूनिवर्स फिल्म का थिएट्रिकल ट्रेलर 10 जनवरी को रिलीज होगा। प्रोडक्शन हाउस ने वादा किया था कि ट्रेलर में एक्शन थ्रिल और शाहरुख दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम का धांसू एक्शन देखने को मिलेगा। पठान को लेकर खबर आई हैं कि फिल्म में सलमान खान का कैमियो है। रिपोर्ट्स की माने तो यश राज फिल्म्स के एक सूत्र ने उन्हें बताया यही सस्पेंस है। आदित्य चोपड़ा अपनी फिल्म का सस्पेंस बनाकर रखना चाहते हैं इसलिए उन्होंने फिल्म के दो ट्रेलर एडिट करवाए हैं। एक में सलमान खान के साथ तब दूसरा उनके बिना। रिपोर्ट्स के अनुसार आदित्य चोपड़ा का आइडिया है सिर्फ सलमान खान को दिखाना वहां उनके बारे में कुछ रिवील नहीं करना चाहते हैं। ऐसा करने से लोगों का फिल्म की कहानी में इंटरेस्ट बना रहेगा। आदित्य चोपड़ा ने शाह रुख और सलमान खान के बीच फिल्म के बेस्ट सीन शूट किए हैं। फिलहाल तब दर्शक ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

सामंथा को फिल्म शाकुंतलम के लिए लेनी पड़ी ग्रेस ट्रेनिंग

पेट डॉग के साथ शेयर किया वीडियो, बोलीं- मेरी तरह इसे भी ट्रेनिंग की जरूरत है

मुंबई, ईएमएस। सामंथा जल्द ही फिल्म शाकुंतलम में नजर आने वाली हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ा अपना एक्सपीरियंस शेयर किया। पोस्ट शेयर करते हुए सामंथा ने बताया कि उनके लिए शकुंतला का किरदार निभाना कितना यादा मुश्किल था। दरअसल, 8 जनवरी को सामंथा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो और शाकुंतलम की ट्रेनिंग के दौरान की फोटो शेयर की। वीडियो में सामंथा का पालतू डॉग साशा लेटी हुई नजर आ रही है और वो उससे बातें कर रहीं हैं। सामंथा अपनी पेट से कहती हैं कि मुझे लगता है तुम्हें भी पॉश्चर और ग्रेस की ट्रेनिंग लेने की जरूरत है, जैसे मैंने शाकुंतलम के लिए ली है।

शाकुंतलम के लिए सामंथा को लेनी पड़ी ट्रेनिंग

पोस्ट शेयर करते हुए सामंथा ने लिखा- शाकुंतलम का सबसे कठिन हिस्सा- चलते, बात करते, दौड़ते। यहां तक कि रोते हुए भी ग्रेस बना कर रखना। ये ग्रेस मेरी चीज नहीं है, इसके लिए ट्रेनिंग सेशन लेना पड़ा। साशा को साथ ले जाना चाहिए था।। जाहिर है इसमें ताजुब की बात नहीं, जैसी मां वैसी बेटी।

सामंथा के जिम ट्रेनर जुनैद ने शेयर की तस्वीर

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों मायोसाइटिस बीमारी से रिकवर हो रहीं हैं। उनकी हेल्थ के लिए यह एक मुश्किल समय है, हालांकि इस रिकवरी के दौरान भी सामंथा अपनी प्रोजेक्ट्स को पूरा करने में लगी हुई हैं। इसी बीच 8 जनवरी को सामंथा के फिटनेस ट्रेनर जुनैद शेख ने इंस्टाग्राम पर मजाकिया फोटो शेयर करते हुए उनके वर्क आउट डे का किस्सा शेयर किया। सामंथा ने भी स्टोरी को रि-पोस्ट करते हुए जवाब दिया कि उनका वर्कआउट डे कमजोर लेकिन मजबूत था।

आज का दिन अच्छा था, कमजोर लेकिन मजबूत- सामंथा

जुनैद शेख ने द फैमिली मैन सीजन 2 में अपनी एक तस्वीर साझा की और लिखा- 'जब मैं कहता हूं कि सामंथा आज वर्कआउट से आराम का दिन है सैम।' इस पर सैम का रिएक्शन- बहुत हुआ, बहुत हुआ।'

मायोसाइटिस बीमारी से जूझ रहीं हैं सामंथा

सामंथा ने 2 महीने पहले ही खुलासा किया था कि वो मायोसाइटिस नाम की बीमारी से जूझ रही हैं। एक्ट्रेस ने इस बात का खुलासा खुद अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए किया था। पोस्ट में एक्ट्रेस अस्पताल में बैठी नजर आ रहीं थी, फोटो के साथ सामंथा ने अपने संघर्षों पर खुलकर बात की और बताया था कि वो जल्द ही ठीक हो जाएंगी।

सामंथा की अपकमिंग फिल्में

वर्कफ्रंट की बात करें तो सामंथा जल्द ही रोमांटिक ड्रामा फिल्म कुशी में विजय देवरकोंडा के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म का डायरेक्शन शिवा नरवाना ने किया है। यह फिल्म पहले दिसंबर में रिलीज होने वाली थी, लेकिन एक इंटरव्यू के दौरान विजय ने बताया कि फिल्म फरवरी 2023 में रिलीज की जाएगी।

अपनी टीम के लिए चीयरलीडर्स बने रणबीर और आलिया, स्टेडियम वाले वीडियोज से नजरें हटाना मुश्किल

मुंबई, एजेंसी। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने अपने पैरेंटिंग ड्यूटीज़ से ब्रेक लेकर संडे की खूबसूरत शाम को साथ बिताया। दोनों साथ अपनी टीम का फुटबॉल मैच देखने के लिए पहुंचे थे। इस मौके पर पहुंचे दोनों सितारों का वीडियो सोशल मीडिया पर सबका दिल जीत रहा है, जिसमें स्टेडियम के अंदर वे एक-दूसरे का हाथ थामकर चलते दिखाई दे रहे हैं।

अपनी टीम के लिए चियरलीडर्स बने रणबीर और आलिया

आलिया और रणबीर इस मैच में अपनी टीम के लिए चियरलीडर्स बने नजर आ रहे हैं। प्लेग्राउंड में दोनों ने साथ में यह शाम बिताई और इन्होंने खेल को खूब जमकर इंजॉय भी किया। इस मौके की कई तस्वीरें और वीडियोज़ सोशल मीडिया पर छाए हैं।

हाथों में हाथ डालकर फ्रंट सीट पर बैठे दिख रहे

इनमें रणबीर आलिया से गेम को लेकर कुछ डिस्कस करते दिख रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में आलिया और रणबीर हाथों में हाथ डालकर फ्रंट सीट पर बैठे दिख रहे हैं।

अपनी टीम को बधाई देने के लिए उनके बीच पहुंचे रणबीर

इस मैच में रणबीर कपूर की टीम विनर रही, जिसके बाद ये स्टार्स अपनी टीम को बधाई देने के लिए उनके बीच उतर आए। इस मैच के दौरान रणबीर और आलिया पर हर किसी की निगाहें थमी रहीं।

बेटी राहा की फोटोज को लेकर रणबीर और आलिया के निर्देश

रणबीर और आलिया पिछले दिनों खूब खबरों में रहे थे जब उन्होंने पपाराजियों से कहा था कि वे राहा की फोटोज़ तब तक न क्लिक करें जब तक कि वो 2 साल की नहीं हो जाती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कपल ने उनसे यह स्पेशल रिक्वेस्ट केवल कोविड के डर से किया है।

रुखसाना कौसर की बायोपिक में दिखाई देगी श्रद्धा कपूर

नई दिल्ली, एजेंसी। लंबे समय से सिनेमा परदे से दूर रही अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी अगली फिल्म तू झूठी मैं मक्कार को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वे पहली बार रणबीर कपूर के साथ दिखाई देगी। लव रंजन के निर्देशन में बन रही यह फिल्म काफी लंबे समय से चर्चाओं में है। कुछ दिन पूर्व ही लव रंजन ने इस फिल्म का शीर्षक जारी किया था। तू झूठी मैं मक्कार के अतिरिक्त श्रद्धा कपूर की चर्चा सिने गलियारों में एक और फिल्म को लेकर हो रही है। यह एक बायोपिक है जिसमें श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। श्रद्धा कपूर के करियर में यह दूसरी बायोपिक होने जा रही है। इससे पहले वे हसीना पार्कर के रूप में दर्शकों के सामने आ चुकी हैं। श्रद्धा कपूर अपनी आने वाली फिल्म में कश्मीर की बहादुर लडक़ी रुखसाना कौसर की भूमिका निभाएंगी।

ठंड ने ली विक्षिप्त की जान,उमरियापान के मुड़ेरा तालाब के पास मिली लाश

कटनी, यशभारत। जिले में ठंड से मौत होने का पहला मामला प्रकाश में आया है। उमरियापान थाना अंतर्गत मुड़ेरा तालाब के समीप एक 55 वर्षीय विक्षिप्त प्रौढ़ की ठंड से मौत हो गई। पुलिस ने अधिक ठंड की वजह से मौत को कारण बताया है। उमरियापान थाना प्रभारी अनिल काकड़े के मुताबिक उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम मुरवारी निवासी 55 वर्षीय शिवकुमार पिता गिरवर बढ़ई का शव मंगलवार को मुड़ेरा तालाब के समीप से बरामद किया गया। बताया जाता है कि शिवकुमार मानसिक रूप से विक्षिप्त था तथा क्षेत्र में यहां-वहां घूमता रहता था। पुलिस के मुताबिक अधिक ठंड होने की वजह से शिवकुमार की मौत हुई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

पार्षद का टिकट नहीं दिया तो अब एल्डरमैन बनाओ!

कटनी। नगरीय निकाय में एल्डरमैन की नियुक्ति को लेकर हलचल तेज हो गई है। प्रदेश संगठन ने पत्र जारी करके नाम मांग लिए हैं तो जल्द से जल्द सूची बुलाई गई। ये बात जंगल में आग की तरह फैल गई, जिसके बाद हलचल तेज हो गई। पार्षद का टिकट लेने में नाकाम रहे अधिकतर नेता दावेदार हो गए हैं। इधर विधायकों के सामने संकट खड़ा हो गया है। क्षेत्र में एक अनार सौ बीमार जैसी हालत हो गई है।

विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर प्रदेश भाजपा संगठन तैयारियों में जुट गया है। स्थानीय निकाय चुनाव को 5 माह हो गए हैं, जिसको देखते हुए पार्टी एल्डरमैन की नियुक्ति को लेकर खासी सक्रिय हो गई है। संगठन का प्रयास है कि सत्ता के पदों पर कार्यकर्ताओं की नियुक्ति होना चाहिए ताकि उसे भी सरकार के होने का अहसास रहे। इसके चलते एल्डरमैन की नियुक्ति को लेकर सभी निकायों से नामों की सूची बुलाई जा रही है ताकि सरकार को भेजकर एक बार में सारी नियुक्तियां करवा दी जाएं। इसको लेकर प्रदेश संगठन ने जल्द से जल्द सूची सौंपने को कहा है। एल्डरमैन की नियुक्ति की खबर लगते कटनी की भाजपा में हलचल तेज हो गई है। दावेदारों ने खम ठोकना शुरू कर दिया है, विधायकों व पार्टी के नेताओं ने उन्हें लॉलीपॉप जो दी थी।

9 की होगी नियुक्ति

कटनी नगर निगम में 45 पार्षद हैं तो 9 एल्डरमैन के पद हैं। बड़ी बात ये है कि संगठन की मंशा है कि संगठन के आधारभूत कार्यकर्ताओं को बनाया जाए, जो अच्छे काम कर सकें। वैसे प्रदेश में सत्ता और सरकार में फेरबदल के कयास लगाये जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के पहले रिक्त पदों पर नियुक्तियां भी की जानी हैं। इसके साथ ही मंत्री मंडल विस्तार भी प्रतीक्षित है। माना जा रहा है कि यदि 14 जनवरी के बाद या फरवरी के प्रथम सप्ताह विस्तार हुआ तो इसके बाद ही कटनी विकास प्राधिकरण समेत एल्डरमैनों की नियुक्तियां भी होंगी। खबर यह भी है कि फरवरी तक भाजपा की जिला कार्यकारिणी भी बदली जा सकती है।

आश्वासन देकर फंसा संगठन

नगर निगम चुनाव के दौरान जिन कार्यकर्ताओं के टिकट काटे गएए उन्हें आश्वासन में एल्डरमैन का पद ही दिया गया था। अब बात नियुक्ति की होने से ये सभी सिर पर आ गए हैं। कई दावेदारों ने खम ठोकना शुरू कर दिया है, जिसके चलते सबसे ज्यादा फजीहत संगठन से जुड़े नेताओं विधायकों, पूर्व विधायकों व प्रत्याशी रहे नेताओं की हो रही है। जिन दावेदारों का टिकट कटा था, उन्हें मनाने के लिए वे ही गये थे। अब झूठ बोलने की गुंजाइश भी नहीं है। इधर 10 माह बाद विधानसभा के चुनाव हैं, फिर कार्यकर्ता अपना हिसाब कर लेगा। ऐसी स्थिति में भाजपा नेताओं के लिए एक तरफ कुआं तो दूसरी तरफखाई जैसी स्थिति बन रही है। नहीं बनाने पर खामियाजा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

शिकार के लिए लगाए फंदे से बचकर भागते समय फेसिंग तार में फंस गया था तेंदुआ

कटनी, यशभारत। कटनी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत कन्हवारा-पोड़ी मार्ग पर वन विभाग की कटीली फेंसिंग तार में तेंदुआं फंसने के मामले में वन विभाग की टीम ने एक शिकारी को गिरफ्तार किया है। जिसने फेसिंग के समीप ही शिकार करने के लिए तार का फंदा लगाया था। संभवतः इसी फंदे से जान बचाकर भागते हुए तेंदुआ फेसिंग तार में फंस गया था। बताया जाता है कि फेसिंग तार में तेंदुए के फंसे मिलने के बाद वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग सकर्त हो गया था। डीएफओ गौरव शर्मा के निर्देशन में लगातार डॉग स्क्वॉयड से जांच कराई जा रही थी व वनकर्मी भी एहतियात बरत रहे हैं। रेंजर लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि तेंदुआ के फंसने के बाद यह देखा गया कि कहीं आसपास शिकार के लिए तो कोई प्रयोजन नहीं था, किसी के द्वारा फंदा आदि तो नहीं लगाया गया था। यह पूरी कवायद वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए की गई। रेंजर लक्ष्मीनारायण चौधरी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि जहां पर तेंदुआ फंसा था उसकी कुछ दूरी पर विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम मोहारी निवासी 35 वर्षीय कमल सिंह वन जीवों के शिकार के लिए फंदा लगाए हुए था। हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने फंदा लगाना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि कटनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत कंहवारा के जंगल में आरएफ-84 में डैम के समीप लगी वन विभाग की फेंसिंग तार में एक तेंदुआ फंसा मिला था। वन विभाग व बांधवगढ़ नेशनल पार्क की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू कर तेंदुआ को उपचार के बाद सुरक्षित मचमचा बीट बरही के जंगल में छोड़ दिया था।

फंदा लगाने के आरोप में युवक गिरफ्तार, जांच के बाद वन विभाग की कार्रवाई

पुलिस से बाउंड्रीवाल तोड़ने की शिकायत

झूलेलाल मार्केट के व्यापारी ने लगाए आरोप

कटनी, यशभारत। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत झूलेलाल मार्केट के अंदर बाउंड्रीवाल तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कोतवाली पुलिस को शिकायत दी गई है। शिकायतकर्ता उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के हेमुकलाणी वार्ड बंगला लाइन निवासी राहुल मंगलानी आरोप लगाया है कि झूलेलाल मार्केट के अंदर पैतृक जमीन में बाउंड्रीवॉल बनी है। जमीन के बाजू में स्थित प्लाट में निर्माण कार्य चल रहा है। बाउंड्रीवॉल तोड़ने का विरोध किया गया तो 10 से 15 लोग पहुंच गए। विरोध करने पर धमकी दी गई है। दबंगों द्वारा ब्राउंडीवॉल तोड़कर बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है। राहुल मंगलानी ने पुलिस से शिकायत कर मामला दर्ज करने मांग की है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह का कहना है कि शिकायत मिली है, मामले की जांच कराई जा रही है। तहसीलदार को भी पत्र लिखा गया है।

गायत्रीनगर में किराए के मकान में बिहार की युवती के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला

पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर की कार्रवाई

कटनी, यशभारत। कोतवाली के गायत्रीनगर क्षेत्र में बिहार की एक 22 वर्षीय युवती के द्वारा किराए के मकान में फांसी लगाकर की गई आत्महत्या के मामले में पुलिस ने युवती के प्रेमी के विरूद्ध आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने प्रेमी के विरूद्ध यह कार्रवाई युवती के पास से मिले सुसाइड नोट के आधार पर की है। गौरतलब है कि बिहार के भोजपुर शहर निवासी 22 वर्षीय साधना सिंह राजपूत गायत्रीनगर निवासी श्रीराम शुक्ला के मकान में किराए से अकेले रहती थी। वह बिहार में प्रेमी विमलेश कुमार सिंह के कॉलेज में अकाउंटेंट का काम करती थी व पढ़ाने का काम करती थी। विमलेश कुमार सिंह निवासी भोजपुर बिहार इसे 15 दिन पहले कटनी लेकर आया था। विमलेश कुमार सिंह ने बड़वारा थाना क्षेत्र के जगतपुर उमरिया निवासी बृजमोहन कुशवाहा के माध्यम से रूम किराये पर लिया था। रूम किराए से लेने के बाद विमलेश साधना को कमरे में छोड़कर चला गया था। शनिवार की रात साधना सिंह के द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि युवती के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। उसमें युवती ने लिखा है कि विमलेश सिंह से शादी करना चाह रही थी, विमलेश विवाहित है और उसके दो बच्चे भी हैं। शादी करने से मना कर दिया तो इसने लिखा कि शादी नहीं कर रहे हो तो मैं तुमसे दूर जा रही हूं। परेशानी लिखकर मौत को गले लगा लिया है। पुलिस ने इसी सुसाइड नोट के आधार पर प्रेमी विमलेश सिंह के विरूद्ध आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला धारा 306 के तहत दर्ज कर लिया है। मामला दर्ज करने के साथ ही पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुट गई है।

यश भारत फॉलोअप

महिला कुली के हौसले को सलाम बिल्ला नंबर-36 बना पहचान

यश भारत खास

कटनी, यशभारत। हौसलों की कई कहानियां आपने देखी और सुनी होगी लेकिन कटनी की रहने वाली 31 वर्षीय संध्या की कहानी संघर्ष की ऐसी दास्तां है। जिसे देखकर हर कोई संध्या के हौसले की दाद दे रहा है। हम बात कर रहे हैं कटनी की पहली महिला कुली संध्या की, जिसने अपने परिवार का पेट पालने और बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए दूसरों का बोझ उठाने वाले कुली का पेशा चुना। आमतौर पर इसमें पुरुषों का वर्चस्व रहता है। महिला कुली संध्या प्रतिदिन बूढ़ी सास और तीन बच्चों की अच्छी परवरिश का जिम्मा अपने कंधो पर लिए यात्रियों का बोझ ढो रही है। दरअसल संध्या की शादी कटनी रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले कुली से हुई थी। पति की मौत के बाद संध्या को रेलवे अधिकारियों ने नियमानुसार कुली की नौकरी दी, जहां संध्या की पहचान बना बिल्ला नंबर-36, इसी बिल्ला नंबर-36 को पहनकर संध्या कटनी रेलवे स्टेशन पर रोजाना कुली का काम करती है। कुली का काम करने से होने वाली कमाई से संध्या अपने घर का खर्चा भी चलाती है और बच्चों की शिक्षा से लेकर उनकी परवरिश भी करती है। हालांकि संध्या को इस बात का मलाल है कि उसकी कमाई इतनी नहीं कि वो अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा दिला सके। उसका कहना है कि सरकारी स्कूल में भी अच्छी शिक्षा आजकल मिलने लगी है तो उसको इस बात का भरोसा है कि उसके बच्चे का भविष्य उज्जवल है। उधर महिला कुली संध्या बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना करते हुए साहस और मेहनत के साथ जब वह वजन लेकर प्लेटफॉर्म पर चलती है तो लोग हैरत में पड़ जाते हैं और साथ ही उसके जज्बे को सलाम करने को मजबूर भी हो जाते हैं।

पति की मौत के बाद संध्या को रेलवे अधिकारियों ने नियमानुसार कुली की नौकरी दी, जहां संध्या की पहचान बना बिल्ला नंबर-36

बीमार होने पर भी करना पड़ता है काम

संध्या ने बताया कि बीमार होने पर भी वो काम करने आती है लेकिन इस बात का ध्यान रखती है कि ज्यादा काम न करके वो जल्दी घर चली जाए ताकि तबियत पर ज्यादा असर ना पड़े क्योंकि रोज रुपये कमाने के लिए जरूरी है कि सेहत साथ दे।

प्रतिदिन 300 से 400 रूपए होती है कमाई

संध्या के मुताबिक अमूमन वो 300-400 रुपये तक सामान्य तौर पर रोज कमा लेती है लेकिन कई बार ऐसा होता है जब उसकी कमाई बमुश्किल ही 100-200 तक हो पाती हो। वहीं महिला को कुली का काम करते देख लोग प्रभावित तो होते हैं लेकिन ऐसा नहीं है कि हर कोई संध्या से सामना ही उठवाता हो। संध्या ने बताया कि कई बार लोग उसकी ऐसे ही मदद करने की कोशिश करते हैं लेकिन वो उनको मना कर देती है। हालांकि कई बार लोग उसको समान उठवाने के साथ-साथ बतौर इनाम ज्यादा रुपये दे देते हैं। जिससे संध्या को मदद मिल जाती है।

बच्चों को फौज में अफसर बनाना चाहती है संध्या

महिला कुली संध्या का कहना है कि भले ही मेरे सपने टूटे हैं लेकिन हौसले अभी जिंदा है। जिंदगी ने मुझसे मेरा हम सफर छीन लिया लेकिन अब बच्चों को पढ़ा लिखाकर फौज में अफसर बनाना मेरा सपना है। इसके लिए मैं किसी के आगे हाथ नहीं फैलाऊंगी। कुली नंबर 36 हूं और इज्जत का खाती हूं।

पुण्य स्मरण

श्रीमती चंदा सराफ

जन्म दिवस- 11 जनवरी 1951

अच्छे लोग हमेशा अपनी छाप छोड़ जाते हैं, जिनका आने वाली पीढ़ी सदैव स्मरण करती है। आज आप साक्षात रूप में हमारे बीच नहीं है, किन्तु हम सबके दिलों में आपका स्थान चिरस्थाई रहेगा।

11 जनवरी 2023 को आपके 73वें जन्म दिवस

पर हम सब आपको याद करते हुए आपके द्वारा स्थापित आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं। परिवार के प्रति आपका प्यार और समर्पण सदैव हमारा मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे एवं सुखी जीवन जीने की प्रेरणा और ताकत प्रदान करते रहेंगे।

आपकी याद में:- जुगल किशोर सराफ
संकल्प सराफ एवं समस्त परिवार

फर्म:- जे.के. महाजन ज्वेलर्स, सराफा बाजार, कटनी

महादेवी मंदिर से दानपेटी चोरी

कटनी, यशभारत। ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दशरमन स्थित प्रसिद्ध महादेवी मंदिर में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। रविवार व सोमवार की दरम्यानीरात अज्ञात बदमाश मंदिर का ताला तोड़कर अंदर से दानपेटी लेकर चंपत हो गए। सुबह पुजारी के पहुंचने पर मंदिर में चोरी की जानकारी लगी। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft exel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

SHRI HOSPITAL KATNI
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

मंगलम मैरिज गार्डन
सुसज्जित एसी कमरे, इन्वर्टर की व्यवस्था, बाथरूम में (गीज़र) ठंडे-गरम पानी की सुविधा, पार्किंग व सीसीटीव्ही कैमरे सहित सर्वसुविधायुक्त परिसर

पता- तिलक कॉलेज मोड़ दुर्गा चौक कटनी (म.प्र.) मो. 9131557376, 8826017861

मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)